हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026

स्मृति ईरानी, सतीश पूनिया, संजय भाटिया, गजेंद्र पटेल बने महामंत्री, बीएल संतोष रहे बरकरार



राष्ट्रीय उपाध्यक्षों में वसुंधरा राजे राम माधव मनप्रीत बादल तारिक मंसूर और तीरथ सिंह रावत प्रमुख नाम

23 को हरिभूमि-आईएनएच का कोंडागांव में जिला संवाद


डा. हिमांशु द्विवेदी


केदार कश्यप,


सुश्री लता उसेंडी


मोहन मरकाम

प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे जिम्मेदारों से सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

हरिभूमि- आईएनएच का लोकप्रिय जिला संवाद इस बार कोंडागांव में होगा। 23 अगस्त को कोंडागांव के इंडोर ऑडिटोरियम में मंच सजेगा, जहां प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जनप्रतिनिधियों से जिले के हित में विकास और समस्याओं पर सवाल करेंगे। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता ⏭शेष पेज 7 पर

ये है हमारा उद्देश्य

जिला संवाद का उद्देश्य जिले से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह देखा जा रहा है। हरिभूमि आईएनएच के इस मंच पर समाधान की उम्मीद के साथ उनकी मौजूदगी रहेगी।

भाजपा की नई कार्यकारिणी में 13 उपाध्यक्ष, 8 महामंत्री और 16 मंत्री शामिल

नितिन की 'नवीन-टीम' में छग की धमाकेदार एंट्री रूपकुमारी महिला मोर्चा, म्हस्के संभालेंगे आईटी सेल

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को अपनी राष्ट्रीय टीम का ऐलान किया। नवीन ने अपनी टीम में कई नए चेहरों को शामिल किया है, साथ ही कई दिग्गजों की विदाई भी की है। नई टीम में छत्तीसगढ़ की रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया हैं, वहीं दीपक म्हस्के को आईटी सेल की कमान दी गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा की नई टीम में वसुंधरा राजे सिंधिया, स्मृति ईरानी, सतीश पूनिया, मनप्रीत बादल, संजय भाटिया और विप्लव कुमार देव की एंट्री हुई है। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन के पद पर बीएल संतोष को बरकरार रखा गया है। तरूण चुघ को राष्ट्रीय कार्यालय का प्रभारी बनाया गया है।

आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को हटाकर उनकी जगह दीपक म्हस्के को कमान दी गई है। अनिल बलूनी पहले की तरह मीडिया संयोजक की भूमिका निभाते रहेंगे। हेमांग जोशी को युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में संदीप पाठक को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है। नई टीम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पहले राजेश ⏭शेष पेज 7 पर

टीम में 12 महिलाओं को मिली जिम्मेदारी

नितिन नवीन की टीम में विभिन्न पदों पर 12 महिला नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वसुंधरा राजे सिंधिया, डी पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन दोशी, भारती प्रवीण पवार और मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। कविता पाटीदार, फांग्नोन कोन्यक और संगीता यादव को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है। रूपकुमारी चौधरी को महिला मोर्चा की बागडोर सौंपी गई है। प्रीति गांधी को सोशल मीडिया सह संयोजक की जिम्मेदारी मिली है।


रूपकुमारी चौधरी

कई पुराने हटाए गए, नए चेहरों को दिया मौका


वसुंधरा राजे


डी पुरंदेश्वरी


स्मृति ईरानी


प्रीति गांधी

संजय भाटिया और सतीश पूनिया को बड़ी जिम्मेदारी

नितिन नवीन की टीम में हरियाणा से राज्यसभा सदस्य संजय भाटिया को महामंत्री बनाया गया है। भाटिया केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के करीबी माने जाते हैं। इसके साथ ही हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया को भी महामंत्री बनाया गया है। पूनिया राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे हाल ही में राज्यसभा सदस्य बने थे। हरियाणा से अरूण यादव को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया है।

दीपक म्हस्के के हाथों में होगा आईटी सेल



अब भाजपा आईटी सेल दीपक म्हस्के के हाथों में होगा। करीब 11 सालों से बीजेपी आईटी सेल के चीफ रहे अमित मालवीय को पदमुक्त कर दिया गया है। दीपक म्हस्के छत्तीसगढ़ से जुड़े भाजपा के नेता हैं। वे भाजपा के राज्य प्रवक्ता भी रह चुके हैं। इसके अलावा पार्टी और संगठन में मीडिया से जुड़ी हुई एक्टिविटी में काफी एक्टिव रहे हैं। हाल ही में उन्हें छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेड कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष भी बनाया गया था।



सौदान सिंह की धमाकेदार वापसी

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रणनीतिकार सौदान सिंह की धमाकेदार वापसी हुई है। पिछली कार्यकारिणी में वे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे, लेकिन अब उनको एक बार फिर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री बनाया गया है। वे इसके पहले 2007 से 2020 तक राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री थे। इसके बाद उनको उपाध्यक्ष बनाया गया था। वे नई कार्यकारिणी के ऐलान के पहले तक उपाध्यक्ष थे। श्री सिंह लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के भी संगठन प्रभारी रहे हैं।

हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

दूसरी पत्नी के सरकारी नौकरी में होने पर बेटे को नहीं मिलेगी अनुकंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के एक महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि यदि मृत सरकारी कर्मचारी के परिवार का कोई अन्य सदस्य पहले से शासकीय सेवा में है, तो परिवार के दूसरे सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल सकता। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने पुलिस विभाग के दिवंगत अधिकारी के बेटे आदित्य चौहान की याचिका खारिज करते हुए कहा कि नीति में स्पष्ट ⏭शेष पेज 7 पर

नियुक्ति नीति का दिया हवाला

हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग की 14 जून 2013 की अनुकंपा नियुक्ति नीति का हवाला देते हुए कहा कि यदि मृत विवाहित सरकारी कर्मचारी के परिवार का कोई अन्य सदस्य सरकारी सेवा में है, तो अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्रता नहीं होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य मृत कर्मचारी की मृत्यु से परिवार पर आए आर्थिक संकट में सहायता प्रदान करना है।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹116185/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154898/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur

वंदे मातरम मामले में सोनिया और राहुल के खिलाफ जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली।





दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कहा कि वह 15 अगस्त को यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में वंदे मातरम गाने के दौरान एक कथित घटना संबंधी शिकायत की जांच कर रही है। एक ⏭शेष पेज 7 पर

कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच और दोनों नेताओं के जिम्मेदार पाए जाने पर उचित कार्रवाई की मांग की है। भाजपा ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राष्ट्रीय गीत के प्रति अनादर दिखाने का आरोप लगाया है।

नदी में कूदकर इंजीनियर ने परिवार समेत दी जान, मछुआरों ने बेटे को बचाया

एजेंसी ⏭ राजामहेंद्रवरम

आंध्र प्रदेश के राजमहेंद्रवरम में सड़क सह रेल पुल के पास गोदावरी नदी में कूदकर पंचायती राज विभाग के एक सहायक अभियंता, उनकी पत्नी और बेटी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जबकि स्थानीय मछुआरों ने उनके बेटे को सुरक्षित बचा लिया। मृतक की पहचान गोल्लापुडी नुकाराजू के रूप में हुई है, जो काकीनाडा जिले के पीथापुरम में पंचायती राज विभाग में सहायक अभियंता थे।

सुसाइड नोट खोलेगा राज

नुकाराजू द्वारा कथित तौर पर लिखा गया एक सुसाइड नोट सामने आया। पत्र में नुकाराजू ने एक व्यक्ति पर उनके परिवार को प्रताड़ित करने, उनके घर में विवाद पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

RENAULT DUSTER ADVENTURE

year* warranty



एडवेंचर रेंज

शुरुआती कीमत ₹12.99 लाख

BNCAP द्वारा 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग

BNCAP Score : Adult - 30.49 | Child - 45.00

इलेक्ट्रिक पैनोरमिक सनरूफ़

इलेक्ट्रिक पावर्ड टेलगेट

25.65cm openR लिंक मल्टीमीडिया स्क्रीन

*Renault Duster now comes with a maximum warranty of up to 7 years or 1 50 000 kms, whichever is earlier, under the Renault Forever program. the price mentioned in this advertisement is for the Renault Duster Adventure Turbo TCe100 manual transmission variant. Adventure Decal, Adventure door scuttle garnish, Adventure printed floor mat are available in the Adventure variant only & the said parts are fitted in the dealership and are part of the Renault Genuine Accessories covered under standard 1 year warranty/20 000 km. 5-star rating awarded by Bharat NCAP (India's independent vehicle safety assessment program) is based on crash tests and safety evaluations. images shown are for representation purpose only. actual vehicle, features, and colours may vary. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in.

Renault recommends Castrol

SHOWROOMS: CHHATTISGARH: RENAULT RAIPUR Ph: 7290017983. RENAULT AMBIKAPUR Ph: 8448989107. RENAULT BILASPUR Ph: 8448989103. RENAULT BHILAI Ph: 7290017807. RENAULT JAGDALPUR Ph: 7428297117. RENAULT KORBA Ph: 9319184879. RENAULT RAJNANDGAON Ph: 7428438931.

ब्लास्ट में 2 लोगों की हुई थी मौत, प्रेमी ने शादी समारोह में दिया था

होम थिएटर में बम लगाकर गिफ्ट देने वाले आरोपी को दोहरी उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



जिले में शादी के उपहार में होम थिएटर के अंदर विस्फोटक लगाकर धमाका करने के मामले में अदालत ने आरोपी को बड़ी सजा सुनाई है। जिला एवं सत्र न्यायालय ने सरजू उर्फ संजू मरकाम को दोषी ठहराते हुए दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में हुए इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोग घायल हुए थे। घटना के करीब तीन साल बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिला है।

खास खबर

अभियोजन के मुताबिक ग्राम चमारी निवासी मेहर सिंह मेरावी के घर 31 मार्च 2023 को शादी समारोह था। शादी के बाद 3 अप्रैल की सुबह उपहार में मिले सामान को एक कमरे में रखा गया था। इसी दौरान सोनी कंपनी के होम थिएटर को बिजली से जोड़ते ही जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कमरे की छत और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में दूल्हे हेमेंद्र मेरावी की मौके पर मौत हो गई, जबकि राजकुमार मेरावी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं सौरभ, सूरज, शिव, दीपक और शेर सिंह घायल हुए थे।

प्रेम संबंध को लेकर हुआ था विवाद की वारदात

पुलिस जांच में घटना स्थल से बारूद युक्त मिट्टी, तार, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, होम थिएटर का कार्टन, आलमारी के टुकड़े सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए। विवेचना में सामने आया कि आरोपी सरजू उर्फ संजू मरकाम ने लालिता ध्रुवे से प्रेम-संबंध को लेकर हुए विवाद के चलते हेमेंद्र मेरावी और उसके परिजनों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से होम थिएटर में विस्फोटक लगाया था। आरोपी की निशानदेही पर बारूद और अन्य सामग्री भी बरामद की गई।

विभिन्न धाराओं में सुनाई सजा, अर्थदंड भी लगाया

अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 436 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं 3 और 5 के तहत दोषी माना। धारा 302 के दो मामलों और धारा 307 के पांच मामलों में उम्रकैद सहित अन्य धाराओं में भी सजा सुनाई गई। अदालत ने कुल 9,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

पुल के अभाव में अंतिम संस्कार के लिए जद्दोजहद



दूसरी ओर ले जाना बड़ी चुनौती

किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर परिजनों और ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी चुनौती शव को नदी के दूसरी ओर ले जाने की होती है। हाल ही में एक शव को कंधे पर उठाकर ग्रामीणों को बहती नदी पार करनी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील स्थिति में भी उन्हें जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड अंतागढ़ मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित ग्राम कड़ईखोदरा (नदीपारा) से विकास के दावों को सवालों के घेरे में खड़ा करती तस्वीर सामने आई है। गांव में नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को एक मृत ग्रामीण का शव कंधे पर उठाकर बहती नदी पार कर अंतिम संस्कार के लिए ले जाना पड़ा। इस घटना ने गांव में लंबे समय से बनी बुनियादी सुविधाओं की कमी को उजागर कर दिया है।

कांधे पर शव, आंखें नदी के पानी पर ताकि सुरक्षित पहुंच सके

ग्रामीणों के अनुसार नदी पर पुल नहीं होने से उन्हें रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सामान्य दिनों में ग्रामीण किसी तरह नदी पार कर आवागमन करते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने पर स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। ऐसे समय में गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से लगभग कट जाता है।

वैद्य फूड में पड़ी दबिश 200 किलो पनीर जब्त

महासमुंद। राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने महासमुंद के भलेसर रोड स्थित वैद्य फूड में रविवार देर रात दबिश दी। करीब तीन घंटे चली जांच के दौरान लगभग 200 किलो पनीर जब्त किया गया। तहसीलदार जुगलकिशोर, नायब तहसीलदार हरीश ध्रुव तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों की टीम रात करीब 12 बजे वैद्य फूड पहुंची। जांच के दौरान संस्थान में मध्य रात्रि पनीर का निर्माण किए जाने की स्थिति सामने आई। मौके पर उपलब्ध पनीर की गुणवत्ता और उसके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को लेकर संदेह होने पर अधिकारियों ने करीब 200 किलो पनीर जब्त कर लिया। कार्रवाई के अगले चरण में सुबह विभाग द्वारा सील किए गए कोल्ड स्टोरेज को नियमानुसार खोलकर वहां रखी खाद्य सामग्री की जांच की गई।

वारदात

पुरानी रंजिश पर पूर्व मेयर के भाई की घर में घुसकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



शहर के चिखली क्षेत्र में रविवार की देर रात हत्या का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने मिलकर पूर्व महापौर सुदेश देशमुख के चचेरे भाई की निर्मम हत्या कर दी। बताया गया कि आरोपियों ने मृतक को उसी के घर में घुसकर हाथ-मुक्का से जमकर मारपीट की। इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए है। जबकि दो आरोपी अब भी फरार बताए गए।

प्राप्त जानकारी अनुसार बीती रात चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते चिखली निवासी देशमुख होटल के संचालक के भाई एवं कांग्रेस के पूर्व महापौर सुदेश देशमुख के चचेरे भाई सत्यजीत उर्फ पप्पू देशमुख उम्र लगभग 50 वर्ष के घर में देर रात कुछ आरोपी घुसे और सत्यजीत उर्फ पप्पू से मारपीट शुरू कर दी। बताया जाता है कि मारपीट से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे बाहर ले गए, बाद में दो लोग उपचार हेतु बसंतपुर चिकित्सालय ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दहशत

मानपुर महाराष्ट्र सीमा पर बाघ के हमले से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे-महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्र में बाघ ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया है। मामला सामने आने के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, कांकेर जिले की फॉरेस्ट अमला हाईअलर्ट पर है।

बाघ का हमला सीमावर्ती गढ़चिरौली के जारवंडी क्षेत्र के दोलेन्दा गांव की बताई जा रही है। यह सीमा क्षेत्र औंधी और कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र से सटा हुआ है। इस घटना के बाद सीमावर्ती तीन जिलों के गांवों में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में बाघ को लेकर भय बढ़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोलेन्दा निवासी एक ग्रामीण आज सुबह शौच के लिए जंगल की ओर गया था। इसी दौरान जंगल में घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी सामने आने के बाद आसपास के ग्रामीणों में डर का माहौल है।

5वीं वाहिनी कल्याण साख समिति में हेरफेर का मामला

करोड़ों का गबन, एक और प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



5 वीं वाहिनी कल्याण साख समिति में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर लगभग 3 करोड़ रूपए गबन मामले में एक और प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व प्रारंभिक जांच के बाद समिति के अध्यक्ष शिवकांत तिवारी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उनकी गिरफ्तारी की गई थी। इसी मामले में शिवकांत तिवारी के सहायक रहे प्रधान आरक्षक संजय चौहान से भी पूछताछ की गई। पुलिस को उनकी भूमिका संदिग्ध मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

हरिभूमि फॉलोअप

जानकारी के मुताबिक कंगोली स्थित 5 वीं वाहिनी सशस्त्र बल कर्मचारी कल्याण साख समिति में लगभग 3 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता और गबन के मामले में पुलिस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मामले में परपा पुलिस ने एक और प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया है। वित्तीय मामलों से जुड़े प्रधान आरक्षक संजय चौहान को पूछताछ के बाद संदिग्ध पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि गबन मामले में इससे पहले 29 जुलाई को कल्याण साख समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान आरक्षक शिवकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। अब संजय चौहान की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या दो हो गई है।

5 वीं वाहिनी कर्मचारी कल्याण साख समिति में वर्ष 2012 से 2021 के बीच लोन खातों और जमा राशि में कथित हेराफेरी की शिकायत परपा थाने में दर्ज हुई थी। शिकायत में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल के जरिए करीब 3 करोड़ रुपये की राशि के गबन का आरोप लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में समिति के अध्यक्ष शिवकांत तिवारी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उनकी गिरफ्तारी की गई थी। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए उनके सहायक रहे प्रधान आरक्षक संजय चौहान से भी पूछताछ की गई। पुलिस को उनकी भूमिका संदिग्ध मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

परिजनों ने प्रेस वार्ता कर उठाए थे सवाल

शिवकांत तिवारी की गिरफ्तारी के बाद उनके परिजनों ने जगदलपुर में प्रेस वार्ता कर उन्हें निर्दोष बताया था। परिजनों ने मामले में समिति के अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता होने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी पड़ताल शुरू कर दी है।

अब तक दो लोगों की गिरफ्तारी

लोन खातों और जमा राशि में हेराफेरी का आरोप गबन मामले की जांच अभी जारी है, लोन खातों और जमा राशि में हेराफेरी के आरोप में अब तक दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच के दौरान अन्य कर्मचारियों या संबंधित लोगों की भूमिका सामने आती है तो आगे और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।

-शलभ कुमार सिन्हा, एसपी बस्तर



रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026 | श्रावण शुक्ल पक्ष षष्ठी| वर्ष : 25, अंक : 28 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



ओडिशा में बाढ़

छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही। इस प्राकृतिक आपदा से करीब पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं। देश के कई राज्यों में भारी बारिश से जन-जीवन प्रभावित हुआ है।



अलनीनो से सूखे की आशंका को धो रही बारिश छग सराबोर, अब तक 717 मिमी पानी बरस चुका

सिस्टम का दो दिन और असर रहने का अनुमान, सबसे ज्यादा कोरबा में 174 मिमी. बरसे बादल

अगस्त के महीने में सक्रिय है तीसरा सिस्टम, 14 दिन में दो और मौसमी तंत्र बनने के आसार

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के मध्य और उत्तरी हिस्से में मानसून सक्रिय रहा। शहर में रात भारी बारिश होने के बाद सोमवार को सावन की झड़ी का असर जनजीवन पर नजर आया। ▶▶|शेष पेज 7 पर



सीजनल कोटा के नजदीक पहुंचे जिले

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अपनी सीजनल बारिश का कोटा काफी समय पहले पूरा कर चुका है। यहां अब तक 972 मिमी. बारिश को चुकी है, जो अभी की स्थिति में सामान्य से 54 प्रतिशत ज्यादा है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

अतिभारी वर्षा बिलासपुर और सरगुजा संभाग में

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिम बंगाल और उत्तर ओडिशा के ऊपर स्थित अवदाब के गंगेटिक पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार की ओर जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, अवदाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। मंगलवार को अति भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग और सरगुजा संभाग के जिले संभावित है। इसके अलावा अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

Tinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

सीसीआई में दो पद के लिए मांगे आवेदन

नई दिल्ली। सरकार ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) में सदस्यों के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। कॉरपोरेट कार्य यह नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से पांच साल या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। सदस्यों को हर महीने पांच लाख रुपये का एकीकृत वेतन मिलेगा।

टैंकर से कार की टक्कर दो पुलिसकर्मियों की मौत

शिमला। टालैंड-खलीनी रोड पर एक कार और एक टैंकर की टक्कर होने से कार सवार दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हेड कांस्टेबल प्रवीण मेहता और कांस्टेबल हेमंत कुमार, दोनों कैथू स्थित पुलिस लाइन में तैनात थे।

सावन सोमवार को बिहार और पश्चिम बंगाल में बड़ा हादसा, कई श्रद्धालु घायल

अशोक धाम के पास भगदड़ में सात की मौत होटल में आग ने ली नौ श्रद्धालुओं की जान

सावन के महीने में देशभर के शिवालयों में भक्ति का सैलाब दिखाई दे रहा है। इस बीच, सावन तीसरे सोमवार को कुछ स्थानों पर बड़ा हादसा हो गया। बिहार में प्रसिद्ध अशोक धाम मंदिर के पास भगदड़ में कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के तारापीठ में एक होटल में आग लगने से नौ लोगों की मौत की खबर है। इधर, मप्र के नागचंद्रेश्वर मंदिर में धक्का-मुक्की से कुछ श्रद्धालु घायल हो गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखीसराय/कोलकाता/ उज्जैन

बिहार में रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण हादसा

बिहार के लखीसराय जिले में प्रसिद्ध अशोक धाम मंदिर के पास सोमवार सुबह भगदड़ में कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना मंदिर के समीप स्थित अशोक धाम हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण हुई। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे थे। लखीसराय के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया, सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे अशोक धाम हॉल्ट रेलवे स्टेशन के पास भगदड़ में कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि 14 अन्य घायल हो गए। भीड़ के दबाव में बैरिकेडिंग का एक हिस्सा टूट गया, जिससे लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

- सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया



तारापीठ मंदिर नगरी आए श्रद्धालुओं का घुटा दम



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार तड़के एक होटल में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। होटल में ठहरे कई अतिथि श्रद्धालु थे, जो पवित्र श्रावण महीने के आखिरी सोमवार को पूजा-अर्चना करने के लिए तारापीठ मंदिर नगरी आए थे। यहां के प्रसिद्ध काली मंदिर में भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर भी है।

राष्ट्रपति, गृहमंत्री ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को बिहार में भगदड़ में लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन इस बेहद दुखद घटना में घायल हुए व्यक्तियों को हर संभव इलाज मुहैया करा रहा है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि अशोक धाम में हुई घटना बेहद दुखद है।

ऑटो की टक्कर से तीन कांवड़ियों की मौत

जिले के गंगा नगर में सराय इनायत थानाक्षेत्र में जल लेकर वाराणसी जा रहे तीन कांवड़ियों की मोटरसाइकिल के एक ऑटो रिक्शा से टकरा जाने से एक कांवड़िये की मौके पर ही मृत्यु हो गई, दो कांवड़ियों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में शिव प्रकाश (20), अशोक कुमार (32) और लल्लू शामिल हैं।

नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए धक्का-मुक्की

मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए, जिसकी वजह से धक्का-मुक्की में कुछ लोग कथित तौर पर मामूली रूप से घायल हो गए। इस घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें कुछ लोग भीड़ में धक्का-मुक्की करते दिख रहे हैं जबकि पुलिस उन्हें नियंत्रित करने की कोशिश करती दिख रही है। ऐसे ही कुछ वीडियो में श्रद्धालु स्थानीय अस्पतालों में इलाज कराते दिख रहे हैं।

मंत्री ने स्थापित परीक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

रि-नेट मामले के बाद 50 कर्मचारियों पर गिरी गाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एनटीए ने परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार के तहत अपने 50 से अधिक कर्मचारियों को हटा दिया है और प्रमुख पदों के लिए पेशेवरों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। शिक्षा मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, एनटीए के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्हें हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों और समग्र परीक्षा व्यवस्था में सुधार की जानकारी दी गई।

हरिभूमि फॉलोअप

एनटीए के 10 बड़े पदों पर होगी नई भर्ती

शिक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि 10 बड़े लीडरशिप पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किए गए हैं और अभी उन पर भर्तियां की जा रही हैं। इनमें चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, चीफ फाइनेंस ऑफिसर, चीफ इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर, टेस्ट सिक्योरिटी के लिए जनरल मैनेजर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट और साइकोमेट्रिक्स के लिए जनरल मैनेजर जैसे पद शामिल हैं। नए पदों का मकसद एजेंसी में ज्यादा प्रोफेशनल एक्सपर्टीज लाना है।

अगले माह तीन विषयों की परीक्षा

अंग्रेजी और वाणिज्य के प्रश्नपत्रों की दोबारा परीक्षा नौ सितंबर को, जबकि समाजशास्त्र की परीक्षा 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने यूजीसी-नेट जून 2026 की परीक्षा 22 से 30 जून के बीच 87 विषयों में आयोजित की थी। यह परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ), सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्रता और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी।

खैरझिटी में स्कूल भवन जर्जर, पढ़ने के लिए पेड़ के नीचे बैठे बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

हरिभूमि सरोकार

धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैरझिटी में शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चे स्कूल भवन के अभाव में पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। जर्जर स्कूल भवन के चलते पिछले करीब तीन वर्षों से पंचायत भवन में बच्चों की पढ़ाई संचालित की जा रही थी। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और शासन-प्रशासन द्वारा अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। अब बच्चों ने जर्जर भवन को छोड़ दिया है और पेड़ के नीचे बैठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल भवन की मांग को लेकर कई बार शासन-प्रशासन के समक्ष ▶▶|शेष पेज 7 पर

गुस्साए ग्रामीणों ने कहा, भवन स्वीकृति आदेश तभी आंदोलना रुकेगा

स्वीकृति का आश्वासन दिया गया

कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश अनुसार आज खैरझिटी के पालक- किसानों को एक दिन के भीतर नए स्कूल भवन की स्वीकृति प्रशासन द्वारा कर दी जाएगी। यह आश्वासन दिया गया है।

-अथर्व शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धमधा

कई बार दिया गया आश्वासन

ग्रामीणों के कई बाद आवेदन दिए जाने पर कोई ध्यान अफसरों द्वारा नहीं दिया गया। तीन साल में कई बार आवेदन व आंदोलन के माध्यम से भवन निर्माण की मांग रखी गई, पर केवल आश्वासन मिलता रहा। इस बार 15 अगस्त से आंदोलन शुरू किया गया है।

झारखंड के सीएम सोरेन ने की घोषणा

जेएसएससी-सीजीएल और टीडीपीएल के माध्यम से हुईं परीक्षाएं होंगी रद्द

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के बीच, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा और 2014 से आउटसोर्स एजेंसी टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की। यह फैसला सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की एक लंबी बैठक में लिया गया। गत 16 दिनों से अनशन कर रहे देवेंद्र महतो ने कहा कि वह जल्द ही अपना अनशन समाप्त करेंगे।

अब इन्होंने जताया विरोध

इस बीच, जेएसएससी-सीजीएल उत्तीर्ण करके सरकारी नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों ने झारखंड सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि अगर परीक्षा रद्द की जाती है, तो लगभग 2,000 लोगों की नौकरी जा सकती है।

गृहग्राम बगिया में सुबह-सुबह खेत पहुंचे मुख्यमंत्री, बैलों के साथ हल चलाकर की बियासी

हल की मूठ थामते ही जीवंत हुईं खेती-किसानी से जुड़ी पुरानी स्मृतियां

मुख्यमंत्री ने कहा- किसान परिवार से होने के नाते खेती मेरे लिए केवल आजीविका नहीं जीवन का संस्कार

छत्तीसगढ़ की माटी कृषि परंपरा और मेहनतकश अन्नदाता किसान सदैव हृदय के सबसे करीब मुख्यमंत्री साय

अपनी माटी और खेती-किसानी से सीएम साय का आत्मीय जुड़ाव



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का अपनी माटी और खेती-किसानी से गहरा जुड़ाव आज एक बार फिर देखने को मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार सुबह जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगिया में खेत पहुंचे और पारंपरिक रूप से बैलों की जोड़ी के साथ हल चलाकर बियासी की। खेत में उतरकर हल की मूठ थामे मुख्यमंत्री श्री साय सहज ही एक किसान की भूमिका में नजर आए। इस दौरान उन्होंने खेती-किसानी से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृतियों को भी साझा किया।

राजनीति में अपराधीकरण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

326 सांसदों, 14 मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजनीति में अपराधीकरण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 और राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर किया है। उन्हें सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के जल्द निपटारे की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) में 'न्यायमित्र' ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

गंभीर आपराधिक श्रेणी के 170 मामले

लोकसभा में 543 सदस्यों में से 251 सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 170 मामले गंभीर आपराधिक श्रेणी के हैं (जिनमें पांच साल या उससे अधिक की जेल की सजा हो सकती है)। हलफनामे में 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 40 (18 प्रतिशत) मामले गंभीर आपराधिक श्रेणी के हैं (जिनमें पांच साल या उससे अधिक की जेल की सजा हो सकती है)।



छत्तीसगढ़ में सिर्फ एक सांसद

छत्तीसगढ़ (11 सांसद) और हरियाणा (10 सांसद) में से सिर्फ एक-एक सांसद पर आपराधिक मामले हैं। पंजाब में 13 में से दो, असम में 14 में से तीन, दिल्ली में सात में से तीन, राजस्थान में 25 में से चार, गुजरात में 25 में से पांच और मध्य प्रदेश में 29 में से नौ सांसदों पर आपराधिक मामले हैं।

निगरानी की मांग

न्यायमित्र ने इस बात पर जोर दिया है कि सांसद/विधायक के खिलाफ आपराधिक मामलों के तेजी से निस्तारण के लिए सुप्रीम कोर्ट को उन पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि सांसद/विधायक के लिए तय की गई विशेष अदालत सिर्फ सांसद/विधायक के खिलाफ मुकदमों की सुनवाई करें और जब इन मामलों की सुनवाई पूरी हो जाए, तभी दूसरे मामलों को लिया जाए। हंसारिया, विधि निर्माताओं के खिलाफ मामलों के जल्द निस्तारण के लिए अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका में न्यायालय की मदद कर रहे हैं।

ट्रक की चपेट में आने से एसआई समेत 3 की मौत

अलीगढ़। अलीगढ़ में मडराक टाउनशिप में सोमवार को सड़क किनारे एक विक्रेता के पास खड़े लोगों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे एक पुलिस उप-निरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मारे गए लोगों में मडराक पुलिस थाने में तैनात उप-निरीक्षक श्रवण कुमार (55) और एक दंपति, वीरपाल (53) और रामकली (51) शामिल थे, जो सड़क किनारे एक विक्रेता से खरीदारी करने के लिए रुके थे। दुर्घटना दोपहर में अलीगढ़ से लगभग 15 किलोमीटर दूर अलीगढ़-हाथरस रोड पर हुई। जब ट्रक चालक ने कथित तौर पर वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन से सड़क के किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।


पुडुचेरी


प्रयागराज

भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र सावन माह के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के विशेष पर्व के मौके पर देशभर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दिल्ली, मुंबई, सहित यूपी- बिहार, झारखंड, बंगाल, पुडुचेरी में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। कई शक्तिपीठों में भी श्रद्धालुओं और कांवरियों ने भगवान को जल चढ़ाया। हरिद्वार में भक्तों ने तीसरे सावन सोमवार को हर की पौड़ी पर मां गंगा के जल में पुण्य की डुबकी लगाई।

देशभर में भक्तों ने की भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना

सावन सोमवार, नागपंचमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब


हरिद्वार में हर की पौड़ी पर तीसरे सावन सोमवार लगाई गई डुबकी


रांची

खबर संक्षेप

'दिमागी नक्सल' होने पर गर्व है : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उन्हें 'दिमागी नक्सल' होने पर गर्व है, क्योंकि वह एक 'सच्चे देशभक्त' हैं और भारतीय जनता पार्टी से नहीं डरते। पिछले हफ़्ते 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश जंगलों से हथियारबंद नक्सलवाद को खत्म करने में सफल रहा है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि इसके वैचारिक समर्थक हिंसा और अराजकता को बढ़ावा देने के मौके तलाश रहे हैं।



हाथियों के हमले में दो महिलाओं की मौत

रामगढ़। झारखंड के रामगढ़ ज़िले में सोमवार को हाथियों के झुंड ने दो महिलाओं को कुचल दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे रजरप्पा थानाक्षेत्र के बरकीपोना गांव में हुई, जब दोनों महिलाएं खेत में काम कर रही थीं। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सबीना खातून (60) और धानो देवी (37) के तौर पर हुई है तथा दोनों इसी गांव की रहने वाली थीं। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने से कहा, 'जब ये महिलाएं खेत में काम कर रही थीं तब जंगली हाथियों के झुंड ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खातून ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।'

अब भारत का दौरा कर सकते हैं बांग्लादेशी पीएम

नई दिल्ली। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान 20 से 25 अगस्त के बीच भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा कर सकते हैं।



हालांकि तारिक रहमान के भारत दौरे की तारीख को लेकर ढाका और नई दिल्ली अभी भी बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, राजनयिक सूत्रों ने बताया है कि इस प्रस्तावित यात्रा पर विचार किया जा रहा है क्योंकि दोनों पक्ष द्विपक्षीय बैठक करने के इच्छुक रहे हैं। हालांकि अब तक समय तय करने में दिक्कतें आ रही थीं। नई दिल्ली में एक राजनयिक सूत्र का कहना है दोनों पक्ष द्विपक्षीय यात्रा के लिए इच्छुक रहे हैं।

16 अभ्यर्थियों का फेस-टू-फेस साक्षात्कार के बाद तीन नामों का हुआ है पैनल तैयार

कौन बनेगा राम मंदिर का नया सीईओ तीन नामों की हो रही सबसे ज्यादा चर्चा

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के चयन को लेकर तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं हुई है। 16 अभ्यर्थियों के फेस-टू-फेस साक्षात्कार पूरे होने के बाद चयन समिति अब मेरिट के आधार पर तीन नामों का पैनल तैयार करने की प्रक्रिया में है। हालांकि, यह सूची अभी तक ट्रस्ट को नहीं सौंपी गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही चयन समिति तीन नामों को अंतिम रूप देकर ट्रस्ट के महासचिव को सौंपेगी। इसके बाद दो सितंबर को होने वाली ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक में सीईओ के नाम पर अंतिम फैसला हो सकता है।

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

मंदिर से जुड़े सूत्रों के अनुसार, तीन सदस्यीय चयन समिति साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन, प्रशासनिक अनुभव और मंदिर की भावी व्यवस्थाओं को संभालने की क्षमता के आधार पर पैनल तैयार कर रही है। समिति की ओर से पैनल सौंपे जाने के बाद इसे ट्रस्ट की बैठक में रखा जाएगा। स्थायी सदस्यों के विचार-विमर्श और सहमति के बाद सीईओ के नाम पर मुहर लगने की संभावना है। दो सितंबर की बैठक कई महत्वपूर्ण विषयों के लिहाज से अहम होगी। इसमें मंदिर के प्रवक्ता की नियुक्ति और उसकी भूमिका से जुड़ी गाइडलाइन पर भी निर्णय लिया जा सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज परिवार के सदस्य यतींद्र मोहन मिश्र को न सिर्फ ट्रस्टी बनाया जाएगा बल्कि उन्हें प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

दो सितंबर को होने वाली है ट्रस्ट की बैठक इसमें लग सकती है नाम पर अंतिम मुहर



दो आईएएस, एक एसपी के नाम हैं चर्चा में

सीईओ के संभावित पैनल को लेकर जिन नामों की चर्चा है, उनमें पूर्व आईएएस योगेश्वर राम मिश्र, दिनेश चंद्र और पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय प्रमुख बताए जा रहे हैं। योगेश्वर राम मिश्र अयोध्या के जिलाधिकारी रह चुके हैं। दिनेश चंद्र जौनपुर के जिलाधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं, जबकि राजेश पांडेय पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे हैं। सीईओ के लिए सबसे ज्यादा चर्चा राजेश पांडेय के नाम की है। हालांकि, चयन समिति की ओर से पैनल सौंपे जाने और ट्रस्ट की स्वीकृति तक इन नामों को अंतिम नहीं माना जा रहा है।

चढ़ावा विवाद : एसआईटी जांच जल्द पूरी करे : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) से कहा कि वह अपनी जांच तेजी से पूरी करे और उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचाए। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एसआईटी को निर्देश दिया कि वह कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच में हुई प्रगति पर अपनी वस्तुस्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे। कोर्ट ने कहा- 'एसआईटी, जिसमें एक फॉरेंसिक ऑडिटर भी शामिल है, उच्चतम न्यायालय को सीलबंद लिफाफे में वस्तुस्थिति रिपोर्ट सौंपेगी। पहले हम इस रिपोर्ट को देखेंगे और तय करेंगे कि इसे सभी पक्षों को जारी करना है या नहीं।'

एसआईटी को सालिसिटर कार्यालय भेजें सुझाव

पीठ ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कार्यालय सुझावों को एसआईटी को भेजेगा, जिन पर निष्पक्ष रूप से विचार किया जाएगा। इसने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट की पड़ताल के बाद, न्यायालय राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा दिए जाने वाले दान के प्रबंधन में सुधार के लिए कुछ निर्देश जारी कर सकता है। शीर्ष अदालत ने 27 जुलाई को कथित चढ़ावा चोरी की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक किरण एस की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी के गठन का संज्ञान लिया था। इसने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा था कि जांच टीम में एक फॉरेंसिक ऑडिटर भी शामिल किया जाना चाहिए।

यूक्रेन स्थित प्लांट में ब्लास्ट फर्नेस और पावर यूनिट्स हुए क्षतिग्रस्त

मित्तल के स्टील प्लांट पर रूस का हमला, 2 की मौत





एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन के क्रिवी रीह में भारतीय मूल के अरबपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल के स्टील प्लांट पर रूस ने मिसाइल हमला किया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 कर्मचारी घायल हुए हैं। यह प्लांट यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के गृह शहर में स्थित है और देश की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाइयों में शामिल है। क्रिवी रीह स्थित आर्सेलरमित्तल स्टील प्लांट ने टेलीग्राम पर जारी बयान में बताया कि रूसी हमले में बिजली उत्पादन और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़ी महत्वपूर्ण उत्पादन इकाइयों को नुकसान पहुंचा है। स्टील उत्पादन के लिए बिजली और अन्य बुनियादी ढांचे की स्थिर आपूर्ति बेहद जरूरी होती है, इसलिए इन सुविधाओं को नुकसान महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उत्पादन बंद करने की हुई घोषणा

रूस के सरकारी समाचार पत्र 'रोसिया गजेट' के अनुसार, रविवार को क्रिवी रीह स्थित संयंत्र में हुए हमले में ऊर्जा और 'ब्लास्ट फर्नेस' उत्पादन से जुड़ी महत्वपूर्ण इकाइयों को निशाना बनाया गया। समाचार पत्र ने बताया, 'यूक्रेन के सबसे बड़े इस्पात संयंत्र आर्सेलरमित्तल क्रिवी रीह ने रूसी हमलों के बाद उत्पादन आंशिक रूप से बंद करने की घोषणा की है।'

मित्तल की कंपनी का बड़ा प्लांट

क्रिवी रीह आर्सेलरमित्तल स्टील प्लांट यूक्रेन की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में से एक है और यह वैश्विक स्टील कंपनी आर्सेलरमित्तल का हिस्सा है। फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू होने के बाद से क्रिवी रीह क्षेत्र कई बार रूसी हमलों की चपेट में आ चुका है। प्लांट की उत्पादन क्षमता बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं की लगातार उपलब्धता पर निर्भर करती है। ऐसे में ऊर्जा उत्पादन और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़ी इकाइयों को नुकसान होने से उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है।

समर्थ, गिरिबाला के खिलाफ दाखिल हुआ आरोप-पत्र

एक्ट्रेस त्विषा मौत मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व अभिनेत्री-मॉडल त्विषा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में उनके पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्विषा 12 मई को भोपाल स्थित अपने ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पायी गयी थीं। अधिकारियों ने बताया कि भोपाल की एक विशेष अदालत में दायर आरोप-पत्र में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि



समर्थ और पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला, दोनों ने त्विषा को मानसिक रूप से इतना प्रताड़ित किया कि उन्हें अपनी जान देने के अलावा कोई और विकल्प नजर नहीं आया। सीबीआई ने मां और बेटे पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया, साथ ही दहेज की मांग और दहेज के कारण कथित मौत के दावों की जांच जारी रखी।

दिसंबर में हुई थी शादी, मई में सुसाइड

त्विषा ने पिछले साल दिसंबर में समर्थ से शादी की थी और 12 मई को वह अपने ससुराल में फंदे से लटकी हुई मिली थीं। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि समर्थ उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल ले गए थे। उन्होंने दावा किया था कि त्विषा ने रात करीब 10 बजकर 20 मिनट पर घर में फांसी लगा ली थी।

सीबीआई-ईडी की रिपोर्ट पर रोक

संपत्ति केस : राहुल को 'सुप्रीम' राहत

नई दिल्ली। आय से अधिक संपत्ति के केस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से तात्कालिक राहत मिल गई है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की बेंच ने इस मामले इलाहाबाद हाईकोर्ट को फिलहाल कार्यवाही टालने को कह दिया है और ईडी-सीबीआई को भी वहां रिपोर्ट जमा करने से रोक दिया है। राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से कहा कि वह इस मामले में चल रही कार्यवाही को फिलहाल टाल दे। हाई कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ सीबीआई - ईडी जांच की मांग की गई है। लाइवलॉ के अनुसार इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट की ओर से आरोपों की जांच के लिए सीबीआई और ईडी को जांच के निर्देश दिए जाने के खिलाफ राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।



मणिपुर : एनआरसी की मांग को लेकर बड़ी रैली





इंफाल। मणिपुर में जनगणना गतिविधि शुरू किए जाने से पहले राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की मांग को लेकर सैकड़ों छात्रों ने रैली निकाली। छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर इंफाल पश्चिम जिले के तिद्दिम रोड से करीब दो किमी तक रैली निकाली।

त्योहार से पहले अचानक हवाई टिकट के दाम बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट हुआ नाराज

सरकार ने कहा- नए नियम बनाने की प्रक्रिया अंतिम दौर में

'किराया कम नहीं रख सकते तो उड़ानें रोक दो'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारों और छुट्टियों के दौरान हवाई टिकटों के दाम अचानक बढ़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अगर एयरलाइंस तय नियमों का पालन नहीं कर रही हैं तो उनकी उड़ानें रोक दी जाएं। कोर्ट ने कहा कि यात्रियों के हित में व्यवस्था तो बनाई गई है, लेकिन उसके पालन और नियमन को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है।

मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने बताया कि हवाई किराए और शुल्क से जुड़े नए नियम बनाने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। उन्होंने कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में नियमों का मसौदा भी सौंपा। केंद्र ने कहा कि नियमों को अंतिम रूप देने में तीन हफ्ते का समय लगेगा और इसके बाद इसे कोर्ट के विचार के लिए पेश किया जाएगा।

किराए पर लगाम को लेकर उठे सवाल

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नागरिक उड्डयन मंत्री ने संसद में कहा है कि सरकार हवाई किराए पर कोई सीमा तय नहीं कर सकती. याचिकाकर्ता का आरोप है कि एयरलाइंस जिस तरह से यात्रियों से शुल्क वसूल रही हैं, उसके लिए बनाए गए आधिकारिक नियमों का प्रभावी तरीके से पालन नहीं हो रहा है। इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मी नारायणन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में निजी एयरलाइंस पर मनमाने तरीके से किराया तय करने और अलग-अलग अतिरिक्त शुल्क वसूलने का आरोप लगाया गया है। याचिका में हवाई किराए को पारदर्शी बनाने और यात्रियों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत नियामक व्यवस्था बनाने की मांग की गई है।



पहले भी कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने त्योहारों और बड़े आयोजनों के दौरान हवाई किराए में अचानक होने वाली बढ़ोतरी को यात्रियों का शोषण बताया था। कोर्ट ने कहा था कि एक ही मार्ग पर अलग-अलग एयरलाइंस के किराए में बहुत ज्यादा अंतर है। मई में सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने एक ही मार्ग पर 8 हजार और 18 हजार रुपये तक के किराए का उदाहरण भी आया था।

7 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की ओर से मांगा गया तीन हफ्ते का समय स्वीकार कर लिया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी। कोर्ट के सामने केंद्र नए नियमों का अंतिम रूप रखेगा। इसके बाद यह तय होगा कि हवाई किराए और यात्रियों से लिए जाने वाले अतिरिक्त शुल्क को लेकर क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

ईरानी सेना का ऐलान

अमेरिकी सैनिकों को मारने-पकड़ने पर 28 लाख इनाम

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरानी सेना ने ऐलान किया है कि किसी अमेरिकी सैनिक को मारने या पकड़ने वाले व्यक्ति को 30 हजार डॉलर (करीब 28 लाख रुपए) का इनाम दिया जाएगा। अगर यह काम कोई महिला करती है तो इनाम की रकम दोगुनी यानी 60 हजार डॉलर कर दी जाएगी। ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी ने तेहरान में कहा कि यह योजना कई मांगों के बाद बनाई गई है। यह उन लोगों के लिए है, जो फाइनेंशियल जिहाद के जरिए देश के युद्ध प्रयासों में आर्थिक रूप से मदद करना चाहते हैं। हातमी ने कहा कि इस संघर्ष ने



अमेरिका के सैन्य दबदबे को कमजोर किया है। साथ ही कई देशों को अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे विकल्प तलाशने पर मजबूर किया है। हातमी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने ईरान की हार के बाद होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का क्षेत्र घोषित करने की बात कही थी। हातमी ने दावा किया कि ईरान ने अमेरिकी सेना को प्रभावी रूप से पीछे हटने पर मजबूर किया है।

GALGOTIAS UNIVERSITY

accenture

Developing Industry-Ready Talent

A strategic industry-academia partnership between **Galgotias University** and **Accenture LearnVantage,** to create industry-ready tech and management professionals.



Industry Academia Collaboration Framework

Vibrant campus ecosystem

Industry relevant curriculum

Futuristic specializations

Industry hands-on projects

Career readiness training

LAUNCHING

New-age Industry Integrated Degrees

Develop in-demand **business and technology skills** through industry-integrated learning designed for the **Age of Intelligence.**



B.Tech in Computer Science with AI

Build the technology skills that powers the future

New-age Specializations

- Cloud and AI
- Full stack development with AI
- Data Science, AI and Machine Learning
- Design Engineering



BBA Integrated with AI

Build business expertise for an AI-powered world

New-age Specializations

- AI-Integrated General Management
- AI-Powered Sales and Marketing

Images are AI generated or modified and are intended for illustrative purposes only. Any resemblance to actual persons is purely coincidental.

Offered in Academic Collaboration with **Accenture LearnVantage**

A step towards building future-ready talent through deep industry and academia collaboration

For Admissions Scan to Apply

#16 AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked **3rd** amongst Private Universities in Uttar Pradesh

Ranked **46th** amongst Top Private and Government Universities in India

Scan to Explore the World of Galgotias

GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** 97173 00343 0120-4370000

NAAC GRADE A+ Accredited University | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

GALGOTIAS UNIVERSITY

चिंतन

कब तक युद्ध की कीमत चुकाएगी अर्थव्यवस्था

युद्ध की पहली तस्वीर हमेशा मिसाइल, टैंक और सैनिकों की होती है, लेकिन उसकी सबसे लंबी और गहरी मार अर्थव्यवस्था पर पड़ती है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अब औद्योगिक प्रतिष्ठान और ऊर्जा ढांचा निशाने पर हैं। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल और ईरान के संघर्ष ने दुनिया को दिखा दिया है कि किसी एक क्षेत्र में युद्ध की आग भड़कने पर उसकी लपटें तेल, गैस, जहाजरानी, महंगाई और वैश्विक व्यापार तक पहुंच सकती हैं। हाल के महीनों में होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है, जबकि यह मार्ग दुनिया के करीब पांचवें हिस्से के तेल और एलएनजी कारोबार के लिए अहम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी चेताया है कि युद्ध के कारण तेल बाजार पर पड़ा झटका वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर जोखिम बन सकता है। इसी बीच यूक्रेन के क्रिवी रिह शहर में भारतीय उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल के स्टील प्लांट पर रूसी मिसाइल हमला बेहद गंभीर संकेत है। हमले में दो लोगों की मौत और 13 कर्मचारियों व ठेकेदारों के घायल होने की खबर है। प्लांट की ऊर्जा व्यवस्था और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़े अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा और उत्पादन का कुछ काम रोकना पड़ा। यह सिर्फ एक फैक्ट्री पर हमला नहीं है, बल्कि उस आर्थिक ढांचे पर प्रहार है जिसके सहारे किसी देश की उत्पादन क्षमता खड़ी होती है। स्टील को आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। सड़कें बनानी हों, पुल खड़े करने हों, रेलवे का विस्तार करना हो, वाहन बनाने हों या रक्षा उपकरण तैयार करने हों। हर जगह स्टील की जरूरत है। इसलिए किसी बड़े स्टील संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रभावित होना केवल कंपनी के नुकसान तक सीमित नहीं रहता। इसके साथ कच्चे माल की आपूर्ति, परिवहन, रोजगार, निर्यात और हजारों दूसरी औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। युद्ध जब कारखाने तक पहुंचता है तो उसकी आर्थिक कीमत कई गुना बढ़ जाती है। सबसे चिंता की बात यह है कि आर्थिक ढांचा अब युद्ध की रणनीति का हिस्सा बनता जा रहा है। आर्सेलर मित्तल के इस संयंत्र को 2022 में भी निशाना बनाया गया था। यानी चार साल बाद भी औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षित नहीं हैं। एक मिसाइल कुछ क्षणों में उस उत्पादन क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती है, जिसे तैयार करने में वर्षों और अरबों रुपये लगते हैं। इसके बाद पुनर्निर्माण का बोझ भी उसी अर्थव्यवस्था को उठाना पड़ता है, जो पहले ही युद्ध से कमजोर हो चुकी होती है। भारतीय कंपनियों के लिए भी यह एक बड़ी चेतावनी है। वैश्विक निवेश के दौर में कंपनियां नए बाजारों और संसाधनों की तलाश में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच रही हैं, लेकिन अब निवेश का फैसला केवल बाजार और मुनाफे के आधार पर नहीं हो सकता। राजनीतिक स्थिरता, युद्ध का जोखिम, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री मार्ग और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती भी निवेश के जरूरी पैमाने होने चाहिए। विडंबना यह है कि युद्ध लड़ने वाले देश सैन्य जीत का दावा कर सकते हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था अक्सर ऐसी जीत की सबसे बड़ी कीमत चुकाती है। आम नागरिक के लिए युद्ध का मतलब नक्शे पर बदलती सीमाएं नहीं, बल्कि महंगा ईंधन, महंगी चीजें, असुरक्षित रोजगार और अनिश्चित भविष्य होता है। युद्ध कुछ घंटे में अर्थव्यवस्था की दशकों की मेहनत को मिटा सकता है। आखिर कब तक अर्थव्यवस्था युद्ध की कीमत चुकाती रहेगी। इसलिए बेहतर है कि सभी समाधान कूटनीति, संवाद और वार्ता से निकालें जाएं, ताकि अर्थव्यवस्था सुरक्षित रहे।



नई बहस

ओमकार चौधरी

दिमागी नक्सल क्यों बने नई चुनौती?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल कर देश की आंतरिक सुरक्षा की बदलती तस्वीर पर गंभीर बहस छेड़ दी है। बंदूक उठाने वाला नक्सलवाद कमजोर पड़ा है, लेकिन उससे जुड़ी हिंसक और अराजक मानसिकता के नए रूप सामने आने की आशंका जताई गई है। ऐसे में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, 'अर्बन नक्सल' और 'दिमागी नक्सल' के बीच अंतर समझना जरूरी हो जाता है। खासकर डिजिटल दौर में विचार, दुष्प्रचार और सोशल मीडिया के जरिए असंतोष को हिंसा की ओर मोड़ने की चुनौती सुरक्षा एजेंसियों के सामने नया सवाल खड़ा कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2026 को लाल किले की प्राचीर से एक ऐसा शब्द प्रयोग किया, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक विमर्श में नई बहस छेड़ दी है- दिमागी नक्सल। प्रधानमंत्री का कहना था कि दशकों तक देश के बड़े भूभाग को हिंसा की गिरफ्त में रखने वाला सशस्त्र नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है, लेकिन नक्सली मानसिकता समाप्त नहीं हुई है। उनके अनुसार हथियारबंद नक्सली जंगलों में परास्त हुए हैं, पर ऐसी विचारधारा वाले तत्व अब भी अवसर की तलाश में रहते हैं और हिंसा तथा अराजकता के रास्ते खोजते हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे तत्वों को पहचानने और उन्हें अलग-थलग करने की आवश्यकता बताई।

प्रधानमंत्री ने यह बात किसी सामान्य राजनीतिक सभा में नहीं, बल्कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से कही। इसलिए सवाल स्वाभाविक है कि आखिर यह चुनौती कितनी गंभीर है? क्या भारत की आंतरिक सुरक्षा के खतरे का स्वरूप बदल रहा है? क्या बंदूक, बारूद और जंगलों में चलने वाले विद्रोह के कमजोर होने के बाद अब विचार, प्रचार, भ्रम, सामाजिक असंतोष और अराजक आंदोलनों के जरिए व्यवस्था को चुनौती देने का दौर शुरू हो रहा है? इस प्रश्न को समझने के लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, अर्बन नक्सल और अब 'दिमागी नक्सल'। इन पांचों के बीच अंतर भी समझना होगा। भारत कई दशकों तक एक साथ अनेक आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से जूझता रहा है। आतंकवाद ने जम्मू-कश्मीर से पंजाब और दिल्ली से मुंबई तक देश को गहरे घाव दिए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों ने सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिया। दूसरी तरफ नक्सलवाद ने मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में समानांतर हिंसक व्यवस्था खड़ी करने की कोशिश की। पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में अलगाववाद की चुनौती रही। इन सभी चुनौतियों की प्रकृति अलग थी, लेकिन एक बात समान थी । भारतीय राज्य, संविधान और स्थापित व्यवस्था को चुनौती। आतंकवाद का सबसे प्रत्यक्ष रूप हिंसा है। उसका उद्देश्य भय उत्पन्न करके सरकार और समाज पर दबाव बनाना होता है। बम विस्फोट, सामूहिक हत्याएं, आत्मघाती हमले, अपहरण और सुरक्षा बलों पर हमले इसके हथियार रहे हैं।

पिछले एक दशक में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध अपनी रणनीति में बड़ा परिवर्तन किया है। आतंकवादी ढांचे, वित्तीय नेटवर्क, सीमा पार प्रशिक्षण और घुसपैठ के विरुद्ध सुरक्षा तथा खुफिया तंत्र को मजबूत किया गया है। आतंकवाद समाप्त हो गया है, ऐसा कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उसकी परिचालन क्षमता को कई स्तरों पर गंभीर चोट पहुंची है। नक्सलवाद की कहानी इससे अलग है। 1967 में नक्सलबाड़ी से निकला माओवादी आंदोलन धीरे-धीरे सशस्त्र विद्रोह में परिवर्तित हुआ और छत्तीसगढ़, झारखंड, उडीसा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के हिस्सों में इसका प्रभाव फैलता गया। एक समय देश के सौ से अधिक जिले किसी न किसी रूप में नक्सली हिंसा से प्रभावित माने जाते थे। जंगलों के भीतर नक्सली संगठन अपनी समानांतर सत्ता चलाते थे। वे पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की हत्या करते थे, सरकारी भवनों को उड़ाते



थे, सड़क और रेल ढांचे को निशाना बनाते थे और स्थानीय आबादी से जबरन धन वसूलते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 2026 के संबोधन में कहा कि नक्सलवाद और माओवाद ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया और चार दशकों तक देश के बड़े हिस्से तथा विशाल आबादी को बंदूक के भय में रखा। उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य नागरिकों की रक्षा करते हुए 3,500 से अधिक पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने बलिदान दिया, लेकिन यहीं से प्रधानमंत्री की दूसरी चिंता शुरू होती है। हथियारबंद नक्सली पराजित हो गए हैं, लेकिन नक्सली मानसिकता अभी मौजूद है। ऐसे तत्व अवसर तलाश रहे हैं, हिंसा और अराजकता के रास्ते खोज रहे हैं और समाज को गलत दिशा में ले जाने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। यही वह संदर्भ है जिसमें दिमागी नक्सल शब्द सामने आया। सामान्यतः इसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जाता रहा जो स्वयं जंगलों में बंदूक लेकर न लड़ते हों, लेकिन माओवादी हिंसा अथवा उसके वैचारिक आधार के प्रति सहानुभूति रखते हों, उसे वैचारिक, बौद्धिक या प्रचारात्मक समर्थन देते हों अथवा व्यवस्था-विरोधी हिंसक आंदोलन को वैध ठहराने का प्रयास करते हों। हालांकि "अर्बन नक्सल" कोई स्पष्ट कानूनी श्रेणी नहीं है और इस शब्द के राजनीतिक इस्तेमाल को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है। इसीलिए आज राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमा, पुलिस चौकी अथवा जंगल का प्रश्न नहीं रह गई है। सूचना का क्षेत्र भी नया युद्धक्षेत्र बन चुका है। सामाजिक माध्यम, कूट-रचित वीडियो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार सामग्री, दुष्प्रचार, झूठी सूचनाएं और संगठित प्रचार कुछ घंटों में लाखों लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। किसी स्थानीय विवाद को राष्ट्रीय संघर्ष बनाया जा सकता है। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, बेरोजगारी, परीक्षा, किसान, छात्र अथवा किसी अन्य वास्तविक शिकायत को लेकर पैदा हुए असंतोष में भ्रामक सूचनाएं मिलाकर उसे हिंसक दिशा में मोड़ना पहले की तुलना में कहीं आसान हो गया है। यही वह क्षेत्र है जहां "दिमागी नक्सल" की अवधारणा को केवल पुराने माओवाद के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। यदि इसका आशय ऐसी मानसिकता से है जो लोकतांत्रिक असंतोष को हिंसक अराजकता में बदलना चाहती है, समाज के विभिन्न वर्गों को लगातार एक-दूसरे अथवा राज्य के विरुद्ध भड़काती है और संवैधानिक रास्ते के बजाय अव्यवस्था को परिवर्तन का माध्यम मानती है, तो यह वास्तव में आधुनिक आंतरिक सुरक्षा की गंभीर चुनौती है।

पुराने नक्सलवाद को पहचानना अपेक्षाकृत आसान था। जंगल में हथियारबंद दस्ते थे, निश्चित संगठन थे, कमांडर थे, प्रशिक्षण शिविर थे और प्रभावित क्षेत्र थे। आतंकवादी की पहचान भी उसके संगठन, हथियार, वित्तीय नेटवर्क अथवा हिंसक कार्रवाई से की जा सकती थी। लेकिन विचार और दुष्प्रचार के क्षेत्र में काम करने वाले नेटवर्क को पहचानना कहीं कठिन है। वहां अपराध और विचार, असहमति और उकसावे, आंदोलन और अराजकता के बीच बहुत महीन अंतर होता है। इसलिए राज्य के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ उसे उन नेटवर्कों पर निगरानी रखनी होगी जो हिंसा, अलगाववाद, आतंकवाद अथवा माओवादी विद्रोह के लिए वैचारिक और प्रचारात्मक वातावरण तैयार करते हैं। दूसरी तरफ उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार की आलोचना करने वाला प्रत्येक पत्रकार, छात्र, लेखक, बुद्धिजीवी, किसान नेता या राजनीतिक कार्यकर्ता केवल असहमति के कारण संदेह के घेरे में न आ जाए। भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी है। नक्सली हिंसा को पीछे धकेला है। अलगाववादी नेटवर्क को भी गंभीर चुनौती मिली है। लेकिन इतिहास बताता है कि हिंसक विचारधाराएं केवल संगठन समाप्त होने से खत्म नहीं होतीं। वे स्वरूप बदलती हैं, नए मुद्दे तलाशती हैं, नई भाषा अपनाती हैं और नई पीढ़ी में प्रवेश करने का प्रयास करती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन

एस एन वर्मा



विदेशी निवेश से ही पूरा होगा नेट-जीरो उत्सर्जन का सपना

ग्लासगो में आयोजित 26वें जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने घोषणा की थी कि वह वर्ष 2070 तक कार्बन-न्यूट्रल देश बन जाएगा। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करना आसान नहीं है। इसके लिए भारत को वर्ष 2070 तक लगभग 22.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी औसतन करीब 500 अरब डॉलर प्रतिवर्ष निवेश की आवश्यकता होगी। इसमें लगभग 6.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तीय अंतराल अनुमानित है, जिसकी पूर्ति के लिए विदेशी पूंजी निवेश में वृद्धि जरूरी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और कार्बन कैप्चर जैसी महंगी और नई तकनीकों के विकास के लिए विदेशी तकनीकी सहयोग और वैश्विक पूंजी की भी आवश्यकता होगी। फिलहाल, सम्मेलन में किए गए वादे के अनुसार भारत वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में 30 जून 2026 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर आधारित कुल 297.36 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित हो चुकी है। इसमें 288.58 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 8.78 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता शामिल है। वर्ष 2015 में ही राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के माध्यम से इसके लिए मजबूत आधार तैयार किया गया था। इसमें 2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 33-35 प्रतिशत की कमी और गैर-जीवाश्म संसाधनों पर आधारित विद्युत ऊर्जा की स्थापित क्षमता में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा गया था। नेट जीरो का अर्थ आखिर क्या है? इसका सीधा मतलब है कि वातावरण में छोड़ी जाने वाली ग्रीनहाउस गैसों और उनसे होने वाले अवशोषण के बीच संतुलन स्थापित करना। देश में इसकी दिशा में काम शुरू हो चुका है। महाराष्ट्र का बेला गांव इसका उदाहरण है। यहां कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कई सरल लेकिन प्रभावशाली कदम उठाए गए। गांव में वृक्षारोपण अभियान के तहत 90 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए, जो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और वायु गुणवत्ता सुधारने में मदद करते हैं। सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए त्योहारों और विवाह समारोहों जैसे अवसरों पर भी पौधरोपण अभियान चलाए गए। स्वच्छ खाना पकाने को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक लकड़ी से चलने वाले चूल्हों की जगह एलपीजी और सौर ऊर्जा आधारित विकल्प अपनाए गए। वर्तमान में भूटान और सूरीनाम दुनिया के उन देशों में शामिल हैं जो कार्बन नेगेटिव हैं। यानी वे जितना कार्बन उत्सर्जित करते हैं, उससे अधिक मात्रा में कार्बन का अवशोषण करते हैं। दोनों देशों को अपनी कम जनसंख्या, सीमित औद्योगिक गतिविधियों और बड़े वन क्षेत्र का लाभ मिलता है।वैश्विक जलवायु संकट के बीच विकासशील देश भी उत्सर्जन कम करने में अपना योगदान दे रहे हैं। दुनिया के बड़े कार्बन उत्सर्जकों में शामिल भारत ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। हालांकि, अन्य बड़े प्रदूषकों की तुलना में भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन काफी कम है। दुनिया की करीब 17 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जबकि वैश्विक उत्सर्जन में उसकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से भी कम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए पांच सूत्रीय रणनीति 'पंचामृत' की घोषणा की थी। इसके तहत वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाना, ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करना, एक अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम करना और कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता में 45 प्रतिशत तक कमी लाना शामिल है। इन लक्ष्यों के आधार पर भारत 2070 तक नेट जीरो की दिशा में आगे बढ़ रहा है।भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती क्लाइमेट फाइनेंस यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक वित्त जुटाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमीर देशों से जलवायु वित्त उपलब्ध कराने की मांग की है। नीति आयोग की 'नेट जीरो' रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2070 तक इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगभग 22.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। वित्त वर्ष 2014 से 2026 तक देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 45.72 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। आर्थिक मदद और नई तकनीकों के बिना इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना मुश्किल होगा। विकसित देशों को तकनीकी विकास और जलवायु वित्त में नेतृत्व करना होगा। भारत को भी अपने ऊर्जा ढांचे में बदलाव के साथ नागरिकों की जीवनशैली में परिवर्तन लाने होंगे। सही रणनीति, पर्याप्त निवेश और वैश्विक सहयोग के साथ भारत वर्ष 2070 के नेट जीरो लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सद्गुरु के प्रति रखना चाहिए कृतज्ञता का भाव



संकलित

दर्शन

हमें हमेशा सद्गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। दुनियावी तौर पर भी देखें कि अगर हमें कोई ऐसे इन्सान से मिला देता है, जिससे हमारा कार्य सिद्ध हो जाए, तो हम उस इनसान के एहसान को नहीं भूलते, इसी प्रकार सद्गुरु ने हमारा परिचय एक ऐसी दिव्य शक्ति से करवाया है जो हमारी हर हरकत से वाकिफ है और हमारे अंग-संग भी है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में इसकी निशानी बताई कि जिसको शस्त्र नहीं काट सकता, पानी भिगो नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती व हवा उड़ा नहीं सकती। निरंकार प्रभु के सर्वशक्तिमान व सर्वव्यापक होने की बात श्री रामचरित मानस में भी की गई है। बिन पग चलई सुनई बिन काना, कर बिनु कर्म करई विधि नाना।आनन रहित सकल रस भोगी,बिनु बाणी वक्ता बड़ जोगी।। लेकिन यह बात हमारे जहन में रहे कि निरंकार प्रभु की सारी शक्तियों को संचालित व क्रियान्वित रूप देने वाला स्वयं सद्गुरु ही होता है, क्योंकि निरंकार, सद्गुरु में ही समाया होता है। निरंकार अपने आपमें एक विधान है, यह न्यायकारी है, निरंकार का नियम है कि जो जैसा कर्म करेगा उसे वैसा ही फल भोगना पड़ेगा, जैसे भगवान श्री कृष्ण ने गीता में लिखा है। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। हम कर्म के फल से चाहकर भी नहीं बच सकते। सद्गुरु से रहित सृष्टि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। श्री कृष्ण जी ने कहा है कि आचार्य मां विजानियात अर्थात मुझे ही जानो। हे अर्जुन! संसार में ब्रह्मवेत्ता महात्मा सदैव ही उपलब्ध रहते हैं अन्यथा ब्रह्मवेत्ता रहित संसार एक भयंकर नरक कुंड बन जाता।

छोड़ दें ऐसे स्थान, बढ़ सकती हैं मुश्किलें



संकलित

प्रेरणा

चाणक्य ने अपनी नीतियों के द्वारा बताया है कि किन स्थानों पर अधिक समय तक रहना खतरे से खाली नहीं है जितना जल्दी हो सके उस जगह को छोड़ देना चाहिए। चाणक्य नीति अनुसार जिस जगह पर आपका कोई मान सम्मान या आदर न करता है उस जगह पर अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए जितनी जल्दी हो सकें उसे त्याग देना चाहिए वरना इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा जिस स्थान पर नौकरी के पर्याप्त साधन न हो वहां पर भी अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए क्योंकि इससे आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। चाणक्य नीति की मानें तो जिस जगह पर कोई नाते रिश्तेदार या अपना सगा न रहता है वहां अधिक समय तक रहने से व्यक्ति मानसिक तनाव का शिकार हो सकता है ऐसे में इस स्थान को भी त्याग देना बेहतर होगा। जिस जगह पर शिक्षा के कोई साधन न हो या फिर जहां शिक्षा का महत्व न हो। वहां पर भी नहीं रहना चाहिए जितनी जल्दी हो ऐसे स्थान को त्याग देना उचित है। चाणक्य की मानें तो जहां रहने वाले लोगों में कोई अच्छा गुण न हो, वहां भी अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए वरना हम भी उन्हीं के जैसे बन जाएंगे।

अंतर्मन



आज की पाती

आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *– विनय कुमार, रायपुर*

ट्रेंड

मेरी शुभकामनाएं



भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों और पार्टी में विभिन्न जिम्मेदारियां पाने वाले सभी नेताओं को बधाई। नवनियुक्त टीम में संगठनात्मक अनुभव, ऊर्जा और जमीनी स्तर से जुड़ाव का बेहतर मेल है। मेरी उन्हें शुभकामनाएं हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

लोकसेवक बड़ी भूमिका निभाएं



लोक सेवकों को पूरे सेवा भाव के साथ बड़ी भूमिका निभानी चाहिए और लोगों के अनुकूल तरीके से सेवाएं देनी चाहिए। अधिकारियों को नियमित रूप से लोगों से मिलना चाहिए और उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। **-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

लोकल को ग्लोबल बनाएं



जब हमारा धन विदेशों में जाता है तो उसका एक हिस्सा हमारे खिलाफ ही आतंकवाद को भड़काने और भारत को अस्थिर करने में खर्च होता है। मैं आपसे अपील करता हूं कि स्वदेशी को प्राथमिकता दें। लोकल को ग्लोबल बनाने की दिशा में प्रयास करें और यह अभियान गांव में भी प्रारंभ हो सकता है। **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

भूमि नीति लाएंगे



हमारी सरकार जल्द ही व्यापक निवेश और भूमि नीति पेश करेगी तथा किसानों से जबरन भूमि अधिग्रहण किए बिना उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराएगी। हम आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अपनाए गए सफल मॉडल के आधार पर भूमि नीति में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

होर्मुज पर ईरान-ओमान मिलकर वसूलेंगे टैक्स!



अमेरिका और इजरायल द्वारा मिलकर ईरान पर हमला किए जाने के बाद पश्चिम एशिया की राजनीति तेजी के साथ बदली है। कभी सभी के लिए खुला रहने वाला होर्मुज स्ट्रेट आज केवल कुछ ही देशों के लिए चालू है। अब इस मामले पर एक अहम परिवर्तन हुआ है। होर्मुज के दोनों किनारों पर स्थित ईरान और ओमान ने इस समुद्री रास्ते को लेकर एक नया समझौता किया है। हालांकि, ईरान, अमेरिका के साथ जारी युद्ध के बाद लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि वह होर्मुज पर फीस लगाने वाला है। वह इसे फीस नहीं बल्कि सुरक्षा के लिए दिया जाने वाला 'सर्विस टैक्स' करार देता है। आने-जाने वाले जहाजों को और अधिक सुविधा देने और टक्कर से बचाने के लिए ईरान और ओमान इस रास्ते पर शिपिंग लाइन का निर्माण करेंगे। इसका उद्देश्य जहाजों के बीच की टक्कर को रोकना होगा। दोनों देशों की तरफ से बताया गया कि इस समझौते का मुख्य लक्ष्य महीनों से उलझे होर्मुज स्ट्रेट के विवाद को शांत करना और ग्लोबल ऊर्जा सप्लाई चैन को दोबारा से शुरू करना है। इस मामले पर अभी दोनों देश काम कर रहे हैं। तकनीकी चीजें साफ होने के बाद इस पर एक आधिकारिक दस्तावेज जारी किया जाएगा।

ऑफ बीट

केदारेश्वरनाथ मंदिर में बिस्कुट सब्जियों से सजता है शिवलिंग



सावन के पवित्र महीने में देशभर के शिव मंदिरों में भोलेनाथ का फूलों और बेलपत्र से विशेष श्रृंगार किया जाता है, लेकिन झारखंड के बोकारो का एक शिव मंदिर अपनी अनोखी परंपरा के लिए खास चर्चा में है। कैंप-2 स्थित श्री श्री केदारेश्वर नाथ मृत्युंजय मंदिर में भगवान शिव का श्रृंगार फूलों के साथ गाजर, भिंडी, बैंगन, टमाटर, हरी सब्जियों, छाछ और यहां तक कि बिस्कुट से भी किया जाता है। पूजा के बाद इन सामग्रियों को श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में बांट दिया जाता है। मंदिर के पुजारी निकेश कुमार शास्त्री ने बताया कि केदारेश्वर नाथ मृत्युंजय मंदिर का निर्माण उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ धाम को ध्यान में रखकर कराया गया है। पहले यहां एक छोटा मंदिर था, लेकिन करीब डेढ़ वर्ष पहले इसे भव्य स्वरूप दिया गया और मंदिर का निर्माण उड़ीसा के कारीगरों ने किया है। मंदिर परिसर में मां भगवती, राधा-कृष्ण, पंचमुखी हनुमान सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। पुजारी के अनुसार, जो श्रद्धालु किसी कारणवश उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम नहीं जा पाते, उनके लिए यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। मंदिर की बनावट और धार्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम जैसा आध्यात्मिक अनुभव कराता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

1,943 करोड़ रुपए में हुआ भारत-अमेरिका के बीच समझौता

बड़ी कामयाबी...भारत को 2 एमक्यू-9बी जेट देगा अमेरिका, हिंद महासागर में छिप नहीं पाएगी चीन की हरकत,चौतरफा रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सोमवार को अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स इंक (जीए-एएसआई) के साथ भारतीय नौसेना के लिए दो एमक्यू-9बी एयरक्राफ्ट लीज पर लेने के लिए लगभग 1,943 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 30 महीने की अवधि के वास्ते दो एमक्यू-9बी सी गार्डियन हाई-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम के लिए समझौते की घोषणा की। डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा, एडवांस्ड सिस्टम, स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट सेंसर और एडवांस्ड पेलोड से लैस एमक्यू-9बी सी गार्डियन हार्लेप्स , इंडियन नेवी की मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस क्षमताओं को काफी बढ़ाएगा। एमक्यू-9बी सी गार्डियन सिस्टम के शामिल होने से इंडियन नेवी की मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस क्षमताओं में काफी मजबूती आने की उम्मीद है। इसमें आगे कहा गया, ये सिस्टम समुद्री इलाके के बड़े इलाकों में लगातार इंटेलिजेंस, सर्विलांस और टोही कवरेज देंगे, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में हो रही गतिविधियों पर नज़र रखने और जवाब देने की भारत की क्षमता मज़बूत होगी। इस बीच, पिछले हफ़्ते, मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए लॉइटर म्यूनिशन सिस्टम्स, साथ ही उससे जुड़े हथियारों और एक्सेसरीज़ की खरीद के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और निबे प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 1,577 करोड़ रुपए का एक और कॉन्ट्रैक्ट साइन किया।

समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए भारत लगातार नौसेना को मजबूत कर रहा | पिछले हफ्ते भारत ने 1,577 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया

समुद्री गतिविधियों को ट्रैक करने की क्षमता



समझौते के दौरान की तस्वीर

एडवांस्ड सिस्टम, एडवांस्ड सेंसर और स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट पेलोड से लैस, रिमोट से चलने वाला एयरक्राफ्ट मैरीटाइम डोमेन के बड़े हिस्सों में लगातार इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस (आईएसआर) कवरेज देगा। ये सिस्टम नेवी को बड़े इलाकों में लगातार सर्विलांस बनाए रखने और समुद्र में हो रही गतिविधियों को ट्रैक करने और उनका आकलन करने की अपनी क्षमता में सुधार करने में मदद करेंगे। इनके डिप्लॉयमेंट से मैरीटाइम एक्टिविटी पर नज़र रखने और जवाब देने की भारत की क्षमता बढ़ेगी।

एमक्यू-9बी की खासियत

- एमक्यू-9बी एडवांस्ड सिस्टम, अत्याधुनिक सेंसर और बेहतरीन पेलोड से लैस है। कहा जाता है कि यह एयरक्राफ्ट भारतीय नौसेना की समुद्री क्षेत्र की निगरानी क्षमताओं को काफी बढ़ा देगा।
- भारतीय नौसेना हिंद महासागर में जब-तब किसी बहाने से अपने जासूसी जहाजों को भेजने वाले चीन की हरकतों पर भी पैनी नजर रखी जा सकेगी।



- एडवांस्ड सिस्टम, अत्याधुनिक सेंसर और बेहतरीन पेलोड से लैस एमक्यू-9बी सी गार्डियन, भारतीय नौसेना की समुद्री क्षेत्र की निगरानी क्षमताओं को काफी बढ़ा देगा।

खबर संक्षेप

दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूके में पहले सिख फाइटर पायलट बने अर्शदीप

लंदन। भारतीय मूल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह डांग ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) में फाइटर पायलट के रूप में प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) पूरा करने वाले पहले सिख बन गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आरएएफ ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब किसी सिख ने फाइटर स्क्वाड्रन से पायलट की विंग्स हासिल की हैं। अर्शदीप सिंह डांग (28) ने शुक्रवार 14 अगस्त को उत्तर वेल्स के आरएएफ वैली में फाइटर जेट पायलट ट्रेनिंग पूरी करने के समारोह में हिस्सा लिया।



विझिंजम पोर्ट से खुलेगा व्यापार का नया द्वार



तिरुअनंतपुरम। केरल का विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह, जो कि भारत का पहला गहरे पानी का कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है, आज मंगलवार से एक नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। बंदरगाह पर पूर्ण स्तर के निर्यात-आयात (इग्जिम) संचालन औपचारिक रूप से शुरू होंगे, जिसे केरल की अर्थव्यवस्था और राज्य को एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स तथा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वीडी. सतीशन सुबह 10:45 बजे पहले निर्यात कंटेनर को रवाना करेंगे।

आतंकी हमला के बाद बैसारन में बन रही सड़क

जम्मू। पहलगाम की बैसारन घाटी अपनी सुंदरता के लिए दुनियाभर में फेमस है। यहां 2025 में आतंकी हमला भी हुआ था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। एक बार फिर इस घाटी से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। बैसारन इलाके, जिसे अक्सर इस क्षेत्र का मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है को नया रूप दिया जा रहा है। इस खूबसूरत टूरिस्ट स्पॉट तक पहुंचने के लिए अब एक मोटर-योग्य सड़क बनाई जा रही है। 6.09 करोड़ की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना की आधारशिला पहलगाम के विधायक अल्ताफ अहमद वानी ने रखी। बैसारन पहलगाम से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित है; नई सड़क इसे सर्किट रोड से जोड़ेगी।

आईएसआई समर्थित शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर देशभर में बड़ी कार्रवाई

14 राज्यों के 250 से ज्यादा संदिग्ध हुए गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुरक्षा एजेंसियों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभर में आईएसआई समर्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। इस आतंकी नेटवर्क से जुड़े 250 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले शुरु हई कार्रवाई में सुरक्षा एजेंसियों ने आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देश के 14 राज्यों में में चलाए गए अभियान में 250 से ज्यादा संदिग्ध और शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सामने आई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों ने 14 राज्यों में अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है।

पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, जिंदा कारतूस मिले | सर्वाधिक उत्तर प्रदेश से हुई गिरफ्तारियां, अभियान जारी

आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति



केंद्रीय मंत्री शाह ने दी जानकारी

शहजाद भट्टी

हिंसा फैलाने की साजिश में शामिल था भट्टी

शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी मात्रा में आईईडी, हथियार, जिंदा कारतूस और ग्रेनेड बरामद किए हैं। बरामद किए गए कुछ ग्रेनेड पर पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री की मार्किंग भी मिली है। नेटवर्क से जुड़े लोगों के पास से पिस्टल, कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे सीसीटीवी कैमरे भी मिले। एजेंसियों के मुताबिक, यह नेटवर्क आतंकी गतिविधियों और देश में हिंसा फैलाने की साजिशों में शामिल था। एजेंसियों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकी साजिशों को नाकाम किया। बता दें कि जुलाई में महाराष्ट्र एटीएस ने शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 102 लोगों से पूछताछ की थी।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को लेकर कहा- मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित आतंकी गुट शहजाद भट्टी नेटवर्क को खत्म कर दिया और 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार करके उसके खतरनाक हमलों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगहों पर एक साथ ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया, जो आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति का एक बेहतरीन उदाहरण है। आईएसआई से फंड पाने वाले इस गुट के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया, जिसमें आईईडी, पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, जिंदा कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरे शामिल थे। यह नेटवर्क कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था।

अब तक हुई कार्रवाई

- दिल्ली और कर्नाटक में नई एफआईआरः कार्रवाई के दौरान दिल्ली और कर्नाटक में नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।
- अब तक 80 से ज्यादा एफआईआरः शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ देशभर में अब तक 80 से अधिक एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।
- 250 से ज्यादा गिरफ्तारियांः इस नेटवर्क के मामले में अब तक 250 से ज्यादा गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।
- कई गंभीर धाराओं में केसः आरोपियों के खिलाफ यूएपीए, बीएनएस, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।
- पाकिस्तान कनेक्शन के सबूतः बरामद कुछ ग्रेनेड पर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की मार्किंग मिली है, जो नेटवर्क के सीमा-पार कनेक्शन की जांच में अहम सबूत माना जा रहा है।

भारत-नेपाल सैन्य रिश्ते होंगे मजबूत

आर्मी चीफ धीरज सेठ को मिली नेपाली सेना की 'मानद रैंक'



नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रदान किया रैंक

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को सोमवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नेपाली सेना के मानद जनरल की रैंक से सम्मानित किया। शीतल निवास में आयोजित अलंकरण समारोह में उन्हें यह मानद रैंक प्रदान की गई। जनरल सेठ रविवार को चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नेपाल पहुंचे थे। वह अपने नेपाली समकक्ष जनरल अशोक राज सिग्देल के निमंत्रण पर नेपाल गए हैं।

जनरल सेठ ने सोमवार को नेपाली सेना मुख्यालय में जनरल सिग्देल से भी मुलाकात की। दोनों सैन्य प्रमुखों ने आपसी हित के मुद्दों और द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

मानद रैंक देने की परंपरा

राष्ट्रपति पौडेल के सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह में नेपाल के उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव, विदेश मंत्री शिशिर खनाल, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और नेपाली सेना तथा नेपाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मानद जनरल की रैंक देने की यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी। इसके तहत नेपाल और भारत एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद जनरल की रैंक प्रदान करते हैं।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSTION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)
No.02-16/CE(S&P)/TR-26/S&P/11/0734 Raipur, Dtd. 14-08-2026
E - BIDDING TENDER NOTICE

Online bids are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for Supply of following material-

S.N.	Tender no. /RFx No.	Description	Due Date & time
1.	TR- 26/S&P/11 RFx No-8100053675	Procurement of Thermovision Camera	08.09.2026 Upto 15:00 Hrs

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY
CHIEF ENGINEER (S&P)
CSPTCL: RAIPUR

Government of Maharashtra
Public Works Department P.W. Division, Panvel
Telephone No. 022-27452778

E-Tender Notice No. 16 (Open ONLINE)Year-2026-27
E-mail address:- panvel.ee@mahapwd.gov.in Fax Number :-022-27467440

Executive Engineer P.W. Division Panvel invite B-1 Tender From Registered Contractor with Govt. of Maharashtra Detail Tender Notice Available On www.mahapwd.gov.in and www.mahatenders.gov.in Portal.
Note :- Total 03 Work include in Tender notice.
Online Tender Download & Bid Preparation Period Date - 18.08.2026 At 10.00 AM To Date 25.08.2026 18.00 PM.
Online Tender Bid Preparation Last Date - 25.08.2026 at 18.00 AM.
E-Tender/O.No./P.W./PNL/
Office of the Executive Engineer,
Public work Division, Panvel.
Dist. Raigad
Date-
Executive Engineer
P.W.Division
Panvel
आरओसी-2026-27/क्र.5/C2339

दिल्ली के बुराड़ी में सूटकेस में मिली युवती की लाश

हत्या के बाद शव ठिकाने लगाने की आशंका एक हिरासत में

नई दिल्ली। दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक सूटकेस के अंदर युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मामला बुराड़ी के अजीत विहार इलाके का है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में आशंका है कि युवती की हत्या करने के बाद उसके शव को सूटकेस में बंद किया गया और फिर अजीत विहार इलाके में लाकर ठिकाने लगा दिया गया।

बिहार से दिल्ली आई थी युवती

सूत्रों के मुताबिक, आशंका है कि युवती की हत्या रविवार को की गई थी। इसके बाद शव को सूटकेस में भरकर अजीत विहार में डंप कर दिया गया। बताया जा रहा है कि युवती को कुछ दिन पहले बिहार से दिल्ली लाया गया था। हालांकि, पुलिस अभी पूरे घटनाक्रम और युवती की पहचान से जुड़ी जानकारी की जांच कर रही है।

हत्या की वजह तलाश रही पुलिस

फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवती की हत्या क्यों और किन परिस्थितियों में की गई। इसके साथ ही पुलिस हिरासत में लिए गए शख्स की भूमिका की भी जांच कर रही है। युवती के साथ हत्या से पहले यौन हिंसा हुई थी या नहीं, इस बारे में अभी कोई निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

राष्ट्रभक्ति का उत्सव, हर घर तिरंगा अभियान का समापन

नई दिल्ली। देशभर में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाला 'हर घर तिरंगा' अभियान सोमवार को संपन्न हो गया। अभियान के पांचवें वर्ष में देश के करोड़ों नागरिकों ने अपने घरों पर तिरंगा फहराया और तिरंगा यात्राओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वर्ष 2022 में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान पिछले पांच वर्षों में देश के सबसे बड़े जनभागीदारी आंदोलनों में शामिल हो गया है।

अभियान ने नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के साथ राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरव को भी बढ़ावा दिया।

वंदे मातरम को समर्पित अभियान

इस वर्ष का अभियान भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर को समर्पित रहा। राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गीत को एक साथ जोड़ते हुए इस बार देशभर में राष्ट्रभक्ति का अनूठा वातावरण देखने को मिला।

युवाओं की भी रही व्यापक भागीदारी

स्कूलों और कॉलेजों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज और 'वंदे मातरम' के इतिहास एवं महत्व से परिचित कराने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। युवा पीढ़ी ने तिरंगा यात्राओं और विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पिछले पांच वर्षों में 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज से जुड़ने और राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने के नए अवसर दिए हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल जसीडीह, शिविर – देवघर

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/Irr. Div., Jasidih Camp-Deoghar/SBD-IFB-03(4th Call)/2026-27 Dt :10.08.2026 जिसका PR No. 387112 Water Resource (26-27) D द्वारा दिनांक 11.08.2026 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था । उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल जसीडीह
शिविर – देवघर

PR 387692 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D

कार्यालय नगर पालिक निगम, (बाजार) रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 2535780, 90, फैक्स- 0771-2227395
website- www.nagarnigamraipur.nic.in

निविदा सूचना

1/327198/2026 17/08/2026

नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित नगर निगम रायपुर के स्वामित्व की 4000 दुकानों में डिजिटल QR प्लेट (अन्य विवरण सहित) G I प्लेट जिसका आकार (Size) : 8 x 6 इंच होना चाहिए। निर्धारित प्रारूप का अवलोकन नगर पालिक निगम के कक्ष क्र. 104 में किया जा सकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छित व्यक्ति/संस्था से (QUOTATION) दर सूची आमंत्रित की जाती है।

शेष नियम व शर्तें मुख्यालय (बाजार विभाग) में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

उपायुक्त (बाजार)
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगरपालिक निगम जगदलपुर जिला बस्तर (छत्तीसगढ़)

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-
Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /1754 /नपानि / लोनिवि / 2026 जगदलपुर दिनांक 14.08.2026

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

S. No.	NIT. No.	System Tender No.	Name of work.	PAC in Lakhs	Amount of Earnest Money.	Tender Processing Fee
1	312	197351	Rate contract tender for Providing and Fixing of tent equipment and material including all the electric and mechanical fitting on rent Municipal Corporation Jagdalpur	30.00	23000.00	1500.00
2	313	197573	Construction of RCC drain from Mamta Video to Hanuman Temple in Motilal Nehru Ward No. 15 (II nd Call)	22.37	17000.00	1500.00
3	314	197588	Construction of RCC drain from PWD Store Office to the front of FCI Godown in Maharani Ward No. 14 (II nd Call)	25.51	20000.00	1500.00
4	315	197609	Cons of RCC Culvert and Drain at PHE Office to Maharani Hospitala at Motilal Nehru Ward Jagdalpur	46.35	35000.00	1500.00
5	316	197616	Cons. of RCC Culvert and Drain at Pestrol House to Pandri Talab Chatrapati Shivaji Ward Jagdalpur	15.29	12000.00	750.00
6	317	197618	Cons of RCC Culvert and Drain at Ice Cream Parlor Shop to Bajaj Showroom Subhash Ward Jagdalpur	09.56	7500.00	750.00

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**) पर दिनांक **07.09.2026** को सांय 5.30 बजे तक देखे/क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट **http://uad.cg.gov.in** मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्ते, बी.ओ.क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा ।

टीप:– निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है। टेंडर डाकुमेंट एण्ड प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डी.डी. जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो जमा किया जाना अनिवार्य है।

S-48781/1 "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दे"

आयुक्त
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

पाकिस्तान 284 विदेशी नागरिकों को करेगा निर्वासित

लाहौर। पाकिस्तान कथित तौर पर 'सेक्सटॉर्शन' और अन्य साइबर अपराधों में शामिल 284 विदेशी नागरिकों को निर्वासित करेगा। इनमें ज्यादातर चीन, वियतनाम और इंडोनेशिया के नागरिक हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'सेक्सटॉर्शन' का अर्थ है यौन सामग्री या निजी तस्वीरों/वीडियो के जरिये किसी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना।

आमतौर पर इसमें आरोपी किसी व्यक्ति की निजी या आपत्तिजनक तस्वीर अथवा वीडियो हासिल करता है और फिर उसे सार्वजनिक करने की धमकी देकर पैसे, और अधिक तस्वीरें या कोई अन्य फायदा मांगता है। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के महानिदेशक उस्मान अनवर ने बताया कि इनमें से ज्यादातर लोग पर्यटक वीजा पर पाकिस्तान आए थे और इस्लामाबाद में पंजीकृत एक आईटी कंपनी से अपना काम संचालित कर रहे थे।

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कबीरधाम
C/o कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम ग्राम एवं पोस्ट- महाराजपुर, राजनांदगांव रोड, तह.- बोडला, कवर्धा-491995 (छ.ग.)
ई-मेलः poly_kabirdham@rediffmail.com
वेब साइट : www.gpkabirdham.ac.in

क्र./ स्थापना/स्था./2026/..... कवर्धा, दिनांक .....

// Walk-in Interview for Part time lecturer //

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कवर्धा में निम्न विषय में पूर्णतः अस्थायी रूप से अंशकालीन व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा, मूल दस्तावेज एवं 01 सेट छायाप्रति के साथ वॉक-इन इंटरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है -

स. क्र.	विषय	रिक्त	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं	साक्षात्कार की तिथि
1	Computer Science & Engineering (Data Science)	02	संबंधित संकाय में बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष, चाहे बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में से कोई भी हो।	22.08.2026
2	Costume Design & Dress Making	02	किसी भी मान्यता प्राप्त वि.वि./संस्था से वस्त्र तथा परिधान निर्माण में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एफ.एस.सी.) अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से किसी भी विषय में प्रथम श्रेणी स्नातक उपाधि तथा वेशभूषा अभिकल्पन एवं परिधान निर्माण में प्रथम श्रेणी में न्यूनतम दो वर्षीय पत्रोपाधि	

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था के वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in में प्राप्त करेंगे । आवश्यकतानुसार उक्त पदों की संख्या कम/ज्यादा अथवा निरस्त किया जा सकता है ।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम

G- 262702814/2

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा छ.ग.

क्रमांक/डी.एम.एफ./2026/ 8673 कोरबा दिनांक : 14/08/2026

सूचना

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा छ.ग. के पत्र क्रमांक / डी. एम. एफ. /2026/6329, कोरबा, दिनांक 15.06.2026 के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत पैरामेडिकल स्टॉफ के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर स्टॉफ नर्स, ड्रेसर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के पद पर पात्र / अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट www.korba.gov.in मे सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 31.08.2026 समय 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोरबा छ. ग.

G-262702816/5



प्रेम कीटाणु का टीजर रिलीज, दोस्ती के किस्से और प्यार के लफड़े

मुंबई। वीर पाहड़िया की फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का टीजर सामने आ चुका है। यह काफी मजेदार है और इससे फिल्म की कहानी का अंदाजा हो रहा है। फिल्म कॉलेज लाइफ पर आधारित है और वीर पहाड़िया छात्र बने दिख रहे हैं। कॉलेज लाइफ वाली मस्ती है और इश्क-मोहब्बत वाले चक्कर भी हैं। टीजर की शुरुआत रैगिंग के एक सीन से होती है। छात्रों का पूरा गुट है और सीनियर रेगिंग करते दिख रहे हैं। आगे कई मजेदार डायलॉग और सीन हैं। वीर बैक बेंचर स्टूडेंट बने दिख रहे हैं। उन्हें श्राप मिला है। वह क्या है? यह आपको टीजर देखकर पता चलेगा। टीजर जारी करते हुए वीर पहाड़िया ने लिखा है, 'दोस्ती के किस्से हो या प्यार के लफड़े। लाइफ इनके बिना अधूरी है।'

लाइफ Style

प्रियंका

40 की उम्र में कोई टाइमलाइन नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपने कूल और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में 40 की उम्र पार कर चुकीं प्रियंका ने अपनी एज ग्रुप के लोगों की लाइफस्टाइल और माइंडसेट पर एक बहुत ही मजेदार और रिलेटेबल पोस्ट शेयर किया है।

प्रियंका ने बताया कि 40 की उम्र में लाइफ की कोई फिक्स टाइमलाइन नहीं होती, बल्कि यह सिर्फ कूल वाइब्स और मस्ती के बारे में होती है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बहुत ही फनी नोट शेयर किया। इस नोट में उन्होंने समझाया कि 40 की उम्र का फेज कितना अजीब और मजेदार होता है. उन्होंने लिखा कि इस उम्र में एक दोस्त दादी बन चुकी होती है, तो वहीं दूसरी का अभी-अभी नया बच्चा हुआ होता है। कोई अपनी मैरिज की 20वीं एनिवर्सरी सेलिब्रेट कर रहा होता है, तो कोई 25 साल के यंग लड़के को डेट कर रहा होता है। प्रियंका ने चुटकी लेते हुए कहा कि हममें से आधे लोग तो आज भी 28 साल के लगते हैं, लेकिन बाकी आधे लोग ऐसे हैं जिनकी सोते-सोते ही मसल में खिंचाव आ जाता है। 40 की एज में कोई फिक्स टाइमलाइन नहीं होती, बस अपनी-अपनी वाइब्स होती हैं। अगर प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें, तो वह जल्द ही डायरेक्टर एसएस राजामौली की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' से इंडियन सिनेमा में धमाकेदार कमबैक करने जा रही हैं। इस फिल्म के जरिए वह अपना तमिल सिनेमा डेब्यू भी करेंगी।



हॉलीवुड मसाला



एक्स-मैन के सितारों से उठा परदा

लॉस एंजिल्स। मार्वल स्टूडियोज ने अपनी लाइव-एक्शन फिल्म एक्स-मैन रीबूट का ऐलान कर दिया है। इसका निर्देशन जेक श्रेयर करेंगे। फिल्म का टाइटल फिलहाल तय नहीं। मगर, फिलहाल इसकी स्टारकास्ट को लेकर दिलचस्प खुलासा हुआ है। डी-23 इवेंट में फिल्म के सितारों से परदा उठा। फिल्म 'एक्स-मैन' में क्रिस्टोफर एबॉट को चार्ल्स जेवियर यानी प्रोफेसर एक्स का रोल निभाते देखा जाएगा। उनके अलावा एडम ड्राइवर और 'ऑब्सेशन' से चर्चा में आईं अभिनेत्री इंडे नवारेटे भी फिल्म का हिस्सा बनी हैं।



हीरोज और नैशविले शो से हासिल की थी लोकप्रियता

लॉस एंजिल्स। चर्चित अमेरिकन अभिनेत्री हेडन पैनेटीयर का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बतौर बाल कलाकार कॅरियर शुरू करने वाली हेडन ने बाद में 'हीरोज' और 'नैशविले' जैसे शो के जरिए लोकप्रियता हासिल की। हेडन पैनेटीयर ने कॅरियर बतौर बाल कलाकार शुरू किया था। बाद में उन्होंने टेलीविजन और फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। उन्हें साइंस-फिक्शन ड्रामा 'हीरोज' में क्लेयर बेनेट के किरदार से अच्छी लोकप्रियता मिली। बाद में उन्होंने म्यूजिकल ड्रामा 'नैशविले' में जूलियट बार्न्स का रोल निभाया, जिसे उन्होंने 2012 से 2018 तक किया। हेडन की फिल्मों में रिमेंबर द टाइटन्स, रेजिंग हेलेन', आइस प्रिंसेस, आई लव यू, बेथ कूपर, स्क्रीम 4 और 'स्क्रीम 5 शामिल हैं।



हत्या की गुत्थी सुलझाती दिखेंगी निमिषा

मुंबई। सोमवार को अभिनेता बरुन सोबती की अगली फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' की रिलीज डेट मेकर्स ने जारी की। यह एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा पर आधारित है। फिल्म एक हत्या के केस और उसकी तहकीकात से जुड़ी है। इसे 'पाताल लोक' के मेकर्स ने ही बनाया है। फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' में मुख्य किरदार बबीता सिंह नाम की एक एसआई का है, जिसके पास एक हत्या का केस आता है। इस दौरान उसका सामना कई रहस्यों और खतरों से होता है। फिल्म की कहानी एसआई के जीवन की मुश्किलों पर बात करती है। इस पूरे सफर में वह खुद की खोज भी करती है। फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' 28 अगस्त से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। एएसआई बबीता सिंह उर्फ बेबी का रोल निमिषा सजयन ने निभाया है।



फिर लौटेगी इमरान हिमेश की जोड़ी

मुंबई। अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आवारापन 2' की सफलता को देखते हुए इमरान हाशमी ने सोमवार को अपनी फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी। इमरान की अगली फिल्म होगी 'गन मास्टर जी9' जो इसी साल रिलीज होगी। खास बात यह है कि इस फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया ने दिया है। इसके जरिए इमरान और हिमेश की हिट जोड़ी कई साल बाद साथ काम करेगी। फिल्म 'गन मास्टर जी9' की जानकारी इमरान और मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी। फिल्म में इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें उनके अपोजिट जेनेलिया डिसूजा फीमेल लीड रोल में होंगी। अपारशक्ति खुराना भी फिल्म में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट, संगीता अहीर और हुनर मुकुट ने किया है।

अल्लू अर्जुन ने की डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन की जमकर तारीफ



मुंबई। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने डायरेक्टर अरुण माथेश्वरन की फिल्म 'डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन' की जमकर तारीफ की है। महेश बाबू के बाद अब अल्लू अर्जुन भी उन सितारों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इस एक्शन थ्रिलर की तारीफ की है। फिल्म देखने के बाद पुष्पा स्टार ने सोशल मीडिया पर इसे तमिल क्लासिक बताया और हर फिल्म प्रेमी से इसे देखने की अपील की। अल्लू अर्जुन ने एक्स पर फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'डीसी देखी। यह एक तमिल क्लासिक है। हर फिल्म लवर को इसे जरूर देखना चाहिए। जो लोग इसे समझते हैं, उनके लिए यह कविता है।' एक्टर ने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने खास तौर पर डायरेक्टर अरुण माथेश्वरन के काम की तारीफ करते हुए कहा कि फिल्म में उनके काम के लिए उन्हें सबसे ज्यादा सम्मान मिलना चाहिए। अल्लू अर्जुन ने फिल्म के म्यूजिक की भी खूब तारीफ की। उन्होंने अनिरुद्ध रविचंदर को 'एब्सोल्यूट मास्टर बूस्टर बताया। इसके अलावा उन्होंने फिल्म के तकनीकी पक्ष और कलाकारों के काम को भी सराहा। एक्टर ने वामिका गब्बी और फिल्म के लीड एक्टर लोकेश कनगराज की परफॉर्मेंस की भी तारीफ की।

टीवी मसाला



अमिताभ ने अपने सरनेम के पीछे की बताई कहानी

नई दिल्ली। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन आज हिंदी सिनेमा की पहचान बन चुके हैं। बिग बी के सरनेम के पीछे की कहानी बेहद दिलचस्प है। हाल ही में 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के एक एपिसोड में अमिताभ ने खुद बताया कि उनके पिता और महान हिंदी कवि हरिवंश राय बच्चन ने जाति व्यवस्था से दूरी बनाए रखने के लिए परिवार के लिए 'बच्चन' सरनेम चुना था। शो में कंटेस्टेंट डॉ. जागृति ने बताया कि उनकी जड़ें प्रयागराज से हैं और उन्होंने सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की है। यह सुनकर अमिताभ ने अपने बचपन के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि सेंट मैरी कॉन्वेंट उनका भी पहला स्कूल था। इसी दौरान उन्होंने अपने सरनेम से जुड़ा किस्सा साझा किया। अमिताभ ने बताया कि जब उनके माता-पिता उन्हें स्कूल में दाखिला दिलाने ले गए, तो फॉर्म में जाति का कॉलम भी था। उनके पिता हरिवंश राय बच्चन हमेशा से ही जातिवाद के खिलाफ थे और उन्हें जाति के आधार पर पहचान पसंद नहीं थी। ऐसे में उन्होंने उस कॉलम में अपनी जाति के तौर पर 'बच्चन' लिख दिया। यही आगे चलकर परिवार का सरनेम बन गया और अमिताभ बच्चन की पहचान का हिस्सा भी। अमिताभ के जन्म के समय उनका नाम अमिताभ श्रीवास्तव था। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1942 को इलाहाबाद, जिसे अब प्रयागराज कहा जाता है, में हुआ था। उनके पिता हरिवंश राय बच्चन हिंदी साहित्य के दिग्गज कवियों में शामिल थे। मधुशाला उनकी सबसे चर्चित रचनाओं में से एक है। इसके अलावा मधुकलश, निशा निमंत्रण और सतरंगिनी जैसी रचनाओं ने भी उन्हें साहित्य जगत में अलग पहचान दिलाई। उनकी कविता अग्निपथ आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

हाऊस कीपिंग
आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

मुंशी/चालक
आवश्यकता है- खेत में परिवार सहित रहकर कार्य करने देखने वाला चाहिए मुंशी, ट्रैक्टर चालक संपर्क करे 7999967254. (आरो-A)

केयर टेकर
आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254. (आरो-41602)

मार्केटिंग
आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

हरिभूमि

सेल्समैन/ऑपरेटर
आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576. (आरो-822)

ड्रायवर
आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु रायपुरा चौक, कुशालपुर, पचपेड़ी नाका, भाठागांव, टाटीबंध से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता जय महामाया ट्रेवल्स ऊपरवारा नया रायपुर मो. 9993944771, 9630060838. (आरो-823)

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 8878228031. (आरो-419)

आवश्यकता है- टाटा ऐस एवं महिंद्रा बोलोरो चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर मो नं. 7024441744. (आरो-0161)

हरिभूमि क्लासीफाईड

कुक
आवश्यकता है- रायपुर चन्दखुरी पशु अस्पताल में 15-20 कर्मचारीयों के लिए नाश्ता और दो टाईम खाना बनाना हेतु पुरुष कुक की आवश्यकता हैं। अच्छा वेतन, रहने खाने की सुविधा हैं। संपर्क- 72258-88800. (आरो-004)

सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो-4164)

Available उपलब्ध
छात्रावास - पुराना विधानसभा रोड ग्राम सेमारिया -2, रायपुर से मात्र 1.2, किलोमीटर की दूरी पर स्थित छात्रावास सर्वसुविधायुक्त घर जैसा माहौल में जनरल /प्राइवेट कमरा विद्यार्थी हेतु उपलब्ध। आसपास कोलंबिया इंस्टिट्यूट, ज्ञानगंगा, गोयल स्कूल, आनेको शिक्षण संस्थान लगा हुआ, आने जाने हेतु ऑटो, टैक्सी सुविधा उपलब्ध संपर्क सचिव अरुण साहू- 6261655394. (आरो-055)

For Rent किराया
Warehouse for Lease – Limited Availability! Upgrade your business with a modern, high-specification warehouse.
1.) 9300 Sq. Ft. Ready-to-Move
2.) Fire NOC Approved
3.) FM2 Heavy-Duty Flooring
4.) 30 Ft Clear Clear Height
5.) 70 Ft Wide Internal Road
6.) Fire Sprinkler's & Hydrant system installed Ideal for 3PL, Logistics, E-commerce, FMCG & Distribution.
Excellent infrastructure for smooth operations and efficient movement of goods. Call now on 7697555552
Address: Beni Cold Storage, Village: Girodh, Ring Road No. 3, Dharsiwa, Raipur -493111 (C.G.) (आरो-820)

हरिभूमि


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए
हरिभूमि क्लासिफाईड

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100% EXTRA.

COLOUR Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 PIX SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- bbclassified375@gmail.com

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

नितिन की 'नवीन-टीम' में ...

अग्रवाल इस पद पर थे। भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें वसुंधरा राजे सिंधिया, तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत जय पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबिन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार, सरदार मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, प्रो. एम. नागराजा, प्रो. तारिक मंसूर और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी की जारी सूची में बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) के पद पर बरकरार रखा गया है। वहीं शिवप्रकाश और सौदान सिंह को राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में विनोद तावड़े और सुनील बंसल को बरकरार रखा गया है। इनके अलावा स्मृति ईरानी, बिप्लब कुमार देब, सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी, संजय भाटिया राष्ट्रीय महामंत्री बनाए गए हैं। राष्ट्रीय मंत्री के तौर पर कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, भोला सिंह,डॉ. प्रदीप वर्मा, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, डॉ. संदीप पाठक, फांग्नोन कोन्यक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, डॉ. एम. वेंकटेशन, मनोज टिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, डॉ. स्वदेश सिंह, मृगांका देव बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश को टीम में शामिल किया गया गया है। तरुण चुघ को राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, महेंद्र पांडेय को कार्यालय मंत्री, संबित पात्रा को नॉर्थ ईस्ट संयोजक, राजीव बब्बर को नॉर्थ ईस्ट सह संयोजक, विष्णु दत्त शर्मा को प्रकोष्ठ संकुल संयोजक, रितुराज सिन्हा और विष्ण वर्धन रेड्डी को प्रकोष्ठ संकुल सह संयोजक बनाया गया है। अनिल बलूनी मीडिया संयोजक के रूप में पहले की तरह अपनी जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। वहीं आशिष उषा अग्रवाल, प्रदीप भंडारी और सिद्धार्थ यादव को मीडिया सह संयोजक बनाया गया है। दीपक म्हस्के को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है, वे अमित मालवीय की जगह लेंगे। वहीं प्रीति गांधी, शिवानंद द्विवेदी, आलोक भट्ट और अरुण यादव को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया है। हेमांग जोशी को युवा मोर्चा, रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा, अमरपाल मौर्य को ओबीसी मोर्चा, बंसीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा, शिवेश कुमार राम को एससी मोर्चा, मन्नालाल रावत को एसटी मोर्चा, कुवंर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है।

चर्चा में रहा अमित मालवीय का हटाया जाना : पिछले कई सालों से भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे अमित मालवीय को नई टीम में जगह नहीं दिया जाना काफी अचंभित रहा। मालवीय अपने बयानों और टिप्पणियों को लेकर काफी विवादित भी रहे हैं। उन्होंने काफी आक्रामक ढ़ंग से आईटी सेल का नेतृत्व किया था और वे विपक्षी नेताओं के निशाने पर रहे थे। उनके अलावा मीडिया सह संयोजक रहे संजय मयूख को भी नई टीम में जगह नहीं मिली है।

मनप्रीत बादल का बढ़ा कद : पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव है। मनप्रीत बादल को नई टीम में उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी ने उनका कद बढ़ा दिया है।

23 को हरिभूमि-आईएनएच का...

उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा कांग्रेस के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। जिला संवाद कार्यक्रम में कोंडागांव जिले के विकास, मूलभूत सुविधाओं, जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों तथा वर्तमान सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा की जाएगी। जिले की शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, पेयजल सहित अन्य विकासात्मक विषयों पर जनप्रतिनिधियों के विचार और क्षेत्र की आवश्यकताओं को सामने रखने का अवसर मिलेगा।

दूसरी पत्नी के सरकारी नौकरी ...

अयोग्यता होने पर केवल आर्थिक निर्भरता या पारिवारिक परिस्थितियों के आधार पर नियमों में छूट नहीं दी जा सकती। यह मामला जशपुर निवासी आदित्य चौहान से संबंधित है, जिनके पिता लक्ष्मण दास चौहान पुलिस विभाग में उप पुलिस अधीक्षक थे। कोविड महामारी के दौरान 23 सितंबर 2020 को उनका निधन हो गया। आदित्य ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया, जिसे सक्षम अधिकारी ने 31 अक्टूबर 2025 को खारिज कर दिया। इसमें कहा गया कि दिवंगत कर्मचारी की दूसरी पत्नी उमा तिवारी पहले से ही सिंचाई विभाग में सहायक वर्ग-तीन के पद पर कार्यरत हैं। आदित्य ने दलील दी कि उमा तिवारी अलग रहती हैं और परिवार को आर्थिक सहायता नहीं देतीं, लेकिन कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया।

वंदे मातरम मामले में सोनिया...

वकील द्वारा 16 अगस्त को आईपी एस्टेट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसमें कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी। पुलिस ने एक बयान में कहा, एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस) मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में वंदे मातरम् के गायन के दौरान कथित घटना के संबंध में शिकायत की जांच की जा रही है। शिकायत के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान जब राष्ट्रीय गीत गाया जा रहा था तो प्रारंभिक भाग गाए जाने के बाद सोनिया गांधी ने कथित तौर पर कुछ इशारा किया। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि इशारों से ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें गाने को जारी रखने पर आपत्ति है। इसमें उस वीडियो का भी जिक्र किया गया जिसमें राहुल गांधी कथित तौर पर यह कहते हुए सुने गए, हम वंदे मातरम् नहीं गा रहे हैं।

पेज एक के शेष

अलनीनो से सूखे की आशंका को धो...

सक्रिय सिस्टम का असर अगले दो दिन प्रदेश में और रहने का अनुमान है। अगस्त के महीने में प्रदेश में बारिश कराने वाली यह तीसरी मौसम तंत्रिका है और अगले 14 दिन में दो और बनने की गुंजाइश है। राज्य में अब तक 717 मिमी. वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से केवल 9 प्रतिशत कम है।

मानसून आने के पहले अलनीनो के असर से सूखा पड़ने की आशंका भारी बारिश से पूरी तरह धुल गयी है। राज्य में अब 717 मिमी. बारिश हो चुकी है जो औसत वर्षा से करीब 400 मिमी. कम है। भले ही पांच जिलों का औसत भले कम हो, मगर खेती-किसानी के हिसाब से उन जिलों में भी काफी बारिश हो चुकी है। पिछले दो दिनों से राज्य में मानसून सक्रिय है और इसके प्रभाव से व्यापक रूप से बरसात हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में बारिश का असर रायपुर, दुर्ग, सरगुजा और बिलासपुर डिवीजन में सक्रिय रहा और यहां के कई क्षेत्रों में बादल जमकर बरसे। पिछले चौबीस घंटे में सर्वाधिक बारिश कोरबा में 174 मिमी. दर्ज की गयी है।

इन क्षेत्रों में भारी बारिश

कोरबा में 174 मिमी.। एमसीबी के कोटाडोल में 100 मिमी.। कोरबा जिले अजगरबहार में 90 मिमी.। बालोद के डौंडीलोहारा में 68 मिमी.। रायपुर में 60 मिमी.।

सीजनल कोटा के नजदीक...

इसके अलावा बलौबाजार 801 तथा बलरामपुर 821 मिमी. के साथ अपनी औसत वर्षा के नजदीक पहुंच चुके हैं। जांजगीर में 900 और महासमुंद में 852, मुंगेली में 823 और नारायणपुर में 1057 मिमी. पानी बरस चुका है। इन जिलों में अगले एक दो भारी से अतिभारी बारिश सीजनल कोटा को पूरा कर सकता है।

अशोक धाम के पास भगदड़...

पहुंच गए हैं तथा बचाव एवं राहत कार्य जारी है। सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकारी मृतकों और घायलों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लखीसराय के अशोक धाम में हुई घटना बेहद दुखद और हृदयविदारक है। उन्होंने हादसे में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों को उचित और तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

खैरझिटी में स्कूल भवन ...

गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने और नए भवन की स्वीकृति की मांग लंबे समय से लंबित है। आंदोलन के पहले चरण में ग्रामीणों ने 15 अगस्त को ब्लाक मुख्यालय जाकर तिरंगा फहराया था। इसी अनदेखी से नाराज होकर छात्रों, ग्रामीणों और किसान बंधु संगठन ने आंदोलन का रास्ता अपनाया। 17 अगस्त को स्कूल भवन के अभाव में बच्चों ने पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई की। बच्चों की यह तस्वीर व्यवस्था की उस हकीकत को सामने लाती है, जहां स्कूल तो है, बच्चे हैं, शिक्षक हैं, लेकिन सुरक्षित और पर्याप्त भवन नहीं है। मामले को लेकर प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा हुई, जिसके बाद एक से दो दिनों के भीतर नए स्कूल भवन की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया गया है। लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश साफ है। उनका कहना है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर काम चाहिए। वर्षों से बच्चों की शिक्षा के साथ हो रही इस अनदेखी को अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब एक जर्जर स्कूल भवन की स्थिति वर्षों से प्रशासन के संज्ञान में है, तो नए भवन की स्वीकृति के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों करना पड़ा? क्या बच्चों को सुरक्षित स्कूल भवन उपलब्ध कराना भी प्रशासन की प्राथमिकता नहीं है? किसान बंधु संगठन और ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर अब किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन को जल्द अमल में लाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अब कागजों में नहीं, धरातल पर स्कूल भवन चाहिए। इस मौके पर किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल, मोती राम वर्मा, पूर्व सरपंच केवल वर्मा, अनिल वर्मा, डोमार वर्मा, अमेलाल वर्मा, नकुल उमरे, चिंता वर्मा, संतोष साहू, गंगू वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान बंधु संगठन धमधा के सदस्य उपस्थित रहे।

326 सांसदों, 14 मुख्यमंत्रियों के...

(अदालत की मदद करने वाला वकील) नियुक्त किया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ 4,000 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। हलफनामे में कहा गया है कि 28 में से 14 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने उनके खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी दी है, जिनमें गंभीर मामले भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री अनुमुला रेवंत रेड्डी के खिलाफ 89 मामले दर्ज हैं, इसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी (29 मामले) और कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार (19 मामले) हैं। हंसारिया ने कहा कि मुकदमों की तेजी से सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की निगरानी के बावजूद, 2018 से सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की संख्या लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है। अलग-अलग उच्च न्यायालय से आंकड़े इकट्ठा करके, न्यायमित्र ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि 2025 में 1,243 आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया, जबकि उसी साल 1,050 नए मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि पूर्व और मौजूदा सांसदों/विधायकों के खिलाफ कुल 4,192 मामले लंबित हैं। वकील स्नेहा कलिता के जरिए दाखिल हलफनामे के मुताबिक, केरल के 20 में से 19 सांसदों (95 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले दर्ज थे और उनमें से 11 पर गंभीर मामले थे। तेलंगाना के 17 सांसदों में से 14 (82 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले थे; ओडिशा में यह आंकड़ा 76 प्रतिशत (21 में से 16), झारखंड में 71 प्रतिशत (14 में से 10) और तमिलनाडु में 67 प्रतिशत (39 में से 26) था। वहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे अन्य बड़े राज्यों के लगभग 50 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज थे।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

इस बार 18 से 31 अगस्त तक होगा यह युद्धाभ्यास, 15वां संस्करण होगा

मैत्री युद्धाभ्यास में भाग लेने थाईलैंड रवाना हुई भारतीय सेना की टुकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतीपूर्ण बने हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच मैत्री युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए भारत की थलसेना की एक टुकड़ी सोमवार को थाईलैंड रवाना हो गई है। जिसका नेतृत्व 9 गोरखा राइफल्स के सैनिक कर रहे हैं। यह एक द्विपक्षीय युद्धाभ्यास है। जिसका इस वर्ष 15 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। पिछले साल 2025 में इसका आयोजन भारत के पूर्वोत्तर स्थित मेघालय राज्य के उमरोई प्रशिक्षण केंद्र में किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मैत्री युद्धाभ्यास 18 से 31 अगस्त तक थाईलैंड के सूरत थानी स्थित विभावादी रंगसिट कैंप में होगा। यहां बता दें कि इस युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 2006 में हुई थी। जिसके बाद से दोनों देश पारस्परिक रूप से इसका आयोजन कर रहे हैं।



सैन्य सहयोग को मिलेगा बढ़ावा : युद्धाभ्यास में दोनों सेनाओं के कुल 170 जवान (85, 85) भाग लेंगे। भारत की 9 गोरखा राइफल्स के सामने थाईलैंड की सेना की पांचवीं डिवीजन की 25वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड की तीसरी बटालियन के जवान होंगे। युद्धाभ्यास का असली उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहित करना है। जबकि यह पूरा आयोजन संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सिद्धांत के अध्याय-7 के तहत किया जाएगा।

युद्धाभ्यास में यूएन सिद्धांत का अर्थ

मैत्री युद्धाभ्यास में यूएन सिद्धांत के तहत जंगली, शहरी वातावरण में उग्रवाद और आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए संयुक्त अभियानों में भाग लेने से दोनों देशों की सैन्य क्षमताओं में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्रशिक्षण में क्षेत्र अभ्यास, युद्ध से जुड़ा संवाद, व्याख्यान, प्रदर्शन और समापन सत्यापन अभ्यास भी किया जाएगा। इसके अलावा सैन्य टुकड़ियां अपने-अपने परिचालन अनुभवों का भी आदान प्रदान करेंगी। युद्धाभ्यास में प्रयोग किए जाने वाले सैन्य उपकरणों, प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन भारत और थाईलैंड की सेनाएं करेंगी।

दोनों सेनाओं को होता यह लाभ : मैत्री युद्धाभ्यास भारत और थाईलैंड के मध्य सैन्य सहयोग को बड़े पैमाने पर सशक्त बनाने, बेहतरीन सैन्य कार्यप्रणालियों को आपस में साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। साथ ही यह दोनों के बीच अंतर-संचालन, आपसी समझ और सद्भावना को भी बढ़ावा देता है। जिससे कहीं न कहीं दोनों देशों के दीर्घकालिक संबंधों को और अधिक मजबूती मिलती है।

कांग्रेस ने स्वीकार किया कि वह 'दिमागी नक्सल कांग्रेस'

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के 'दिमागी नक्सल होने पर गर्व' होने संबंधी बयान को लेकर उस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह मुख्य विपक्षी दल की स्वीकारोक्ति है कि वह न केवल 'मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस' है, बल्कि 'दिमागी नक्सल कांग्रेस' भी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब चिदंबरम ने खुद आगे आकर कहा है कि उन्हें 'दिमागी नक्सली' होने पर गर्व है, तो इसमें किसी 'किंतु-परंतु' या शक की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती।' त्रिवेदी ने कहा, 'उन्होंने खुद ही इस बात का खुलासा किया है वह सिर्फ 'मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस' नहीं, बल्कि 'दिमागी नक्सल कांग्रेस' भी हैं। उन्होंने इसे स्वीकार किया है।' रविवार को चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दिमागी नक्सल' संबंधी टिप्पणी पर तंज कसते हुए कहा, 'मुझे 'दिमागी नक्सल' होने पर गर्व है।' चिदंबरम का यह बयान प्रधानमंत्री मोदी की चेतावनी के एक दिन बाद आया है। स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने कहा था कि जहां सशस्त्र नक्सलवाद का खतरा अब समाप्ति की ओर है, वहीं 'दिमागी नक्सल' सोच रखने वाले कुछ लोग हैं जो हिंसा और अशांति फैलाने के मौके तलाश रहे हैं तथा देश को गलत दिशा में ले जाना चाहते हैं।



प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

मादक पदार्थ जांच, दो पायलट मिले संदिग्ध

नयी दिल्ली। एअर इंडिया समूह के दो विमान चालकों के नमूने प्राथमिक मादक पदार्थ जांच में संदिग्ध पाए गए हैं। अब नमूनों की पुष्टि करवाने के लिए इन्हें प्रयोगशाला भेजा गया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 13 अगस्त से अपने सभी विमान चालकों के लिए मादक पदार्थ जांच अनिवार्य कर नियामक आवश्यकताओं के दायरे को बढ़ा दिया है।। यह अनिवार्य जांच चार अगस्त की उस घटना के बाद शुरू की गयी है, जब फुकेत से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का एक विमान वायुमंडलीय अस्थिरता (टर्बुलेंस) के कारण हवा में अपनी निर्धारित ऊंचाई से अचानक 300 फुट नीचे आ गया था। उस विमान के प्रमुख पायलट (कप्तान) की मादक पदार्थ जांच करने पर उनके शरीर में मारिजुआना के अंश पाए गए थे।

एयर इंडिया ने नहीं की टिप्पणी

एअर इंडिया की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इन दो एयरलाइंस के पास 5,000 से अधिक विमान चालक हैं। इस व्यापक जांच के दायरे में वे सभी पदार्थ और दवाएं शामिल हैं जो वर्तमान विमानन नियमों के तहत प्रतिबंधित हैं। थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का एक विमान (एअरबस ए320 - एआई2379) चार अगस्त को सुबह वायुमंडलीय अस्थिरता के कारण हवा में अपनी निर्धारित ऊंचाई से अचानक लगभग 300 फुट नीचे आ गया, जिससे विमान में सवार कम से कम 17 लोग घायल हो गए थे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
(कार्यालय - कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग उत्तर, रायपुर)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पता:- वा. नं. 5 एवं 6, पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई.बी. कैम्पस, गुढ़ियारी, रायपुर (छ. ग.)
वेबसाईट- www.cspc.gov.in, ईमेल-eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं.- 0771-2574753

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 132 के. व्ही. सरोना उपकेन्द्र से निकलने वाले नवीन 33 के.व्ही. लाईन टाटीबंध का कार्य पूर्ण हो गया हैं। उपरोक्त 33 के. व्ही. लाईन रायपुर शहर के एम्स अस्पताल के पीछे, मारूति इन्क्लेव, उदया सोसायटी एवं टाटीबंध से होकर गुजरती है। उक्त लाईन दिनाँक 18.08.2026 को प्रातः 09:00 बजे उपरांत ऊर्जीकृत किया जावेगा तथा उक्त समय से इस लाईन को ऊर्जीकृत माना जावे।

अतः आम जनता से निवेदन है कि कृपया इन विद्युत लाईनों से दूर रहे एवं लाईन के खंभे, स्टे आदि से किसी प्रकार का छेड़छाड़ न करें तथा अपने मवेशी / घरेलू पशुओं / जानवरों को भी इस विद्युत लाईन / स्टे / तार / पोल इत्यादि से दूर रखें, जिससे किसी भी प्रकार के अनहोनी की संभावना ना हो।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइए"

"उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिए विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी - 2593892, 6232923191 खमतराई – 2576317, 6232923195 टाटीबंध -2574755, 6232923193 कबीर नगर जोन-2474024, 6232923197 एवं केन्द्रीय कॉल सेंटर - 1912 पर संपर्क कर सकते है"

" जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन / रोड़ / तालाब का निर्माण करना अवैधानिक है। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करें"

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर छ.स्टे.
पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR

Caveat No. /2026
(W.P.(C)/W.P.(PIL) No.....2026

CAVEATOR/ EXPECTED RESPONDENT : Slurry Pipeline Project, National Mineral Development Corporation Limited, Jagdalpur, district Bastar, CG, **through** Chief General Manager, Slurry Pipe Line Project, NMDC Ltd, Jagdalpur district Bastar, CG

VERSUS

EXPECTED PETITIONER : Any Member of General Public

CAVEAT UNDER SECTION 148 "A" OF CIVIL PROCEDURE CODE READ WITH RULE 142 OF THE CG HIGH COURT RULES

Following is respectfully submitted on behalf of the Caveator/ Expected Respondent –

That the Caveator Public Enterprise has initiated the process of laying Slurry Pipeline for transporting the iron ore fines after its conversion to iron ore concentrate in Slurry form, from Bailadila district Dantewada, CG to Nagarnar district Bastar, CG and the 15 MTPA Slurry Pipeline system (138.75 km) between Bailadila and Nagarnar will consist of 10 MTPA Ore processing plant at Bailadila and Nagarnar and other associated facilities. The proposed Slurry Pipeline will be laid in an area stretching to a total of 61 villages in two districts of Chhattisgarh i.e. Bastar & Dantewada for which Govt. of India has issued a Gazette notification dated 05.01.2018 under the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962 & notices have been served to affected land owners for obtaining land for Right of Use /Right of Way (RoU/RoW). That in compliance of the section 4 & 5 of the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962, the Central Government has issued Section 6(1) notification on 04-12-2020 declaring the acquisition of right of use for the purposes of laying down the slurry pipe lines by the Caveator. A copy of notification dated 04-12-2020 is filed hereto as **ANNEXURE-C/1**.

In view of the above, let the Caveator kindly be heard before granting any interim relief in any such Writ Petition filed by any member of the General Public challenging the aforesaid laying down of slurry pipeline and the notification dated 04-12-2020 before this Hon'ble Court, in the interest of justice.

A copy/edition of the Newspaper "Haribhumi" dated 18/08/2026 (Raipur Edition) having circulation in Bastar and Dantewada districts bearing the proof of the publication of this Caveat for public notice is annexed herewith as **Annexure C/2**.

BILASPUR
DATED : 18.08.2026

(MAHENDRA DUBEY)
COUNSEL FOR CAVEATOR

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर
बी.टी.आई ग्राउंड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492007
ईमेल आईडी: rcraipur@nios.ac.in, वेबसाईट: www.nios.ac.in
फोन : 0771-2442167/47

एनआईओएस से माध्यमिक (10वीं) और उच्चतर माध्यमिक (12वीं) स्तर के असफल शिक्षार्थियों के लिए दरवाजे खुले

एक बहुमूल्य साल बचाएं !

एनआईओएस भारत सरकार के राष्ट्रीय बोर्ड में से एक है और इसे अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है । एनआईओएस असफल शिक्षार्थियों के लिए स्ट्रीम-2 के अंतर्गत माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में अपने वेब पोर्टल **www.nios.ac.in** । शिक्षार्थी पोर्टल **sdmis.ac.in** द्वारा ऑनलाइन प्रवेश प्रदान कर रहा है ।

स्ट्रीम-2 प्रवेश आरंभ
01.05.2026 से 31.08.2026 तक
(प्रवेश की अंतिम तिथि: 31.08.2026)

सार्वजनिक परीक्षा अक्टूबर 2026

सुविधाएँ : क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) : शिक्षार्थी मान्यताप्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण किए गए अधिकतम 2 विषयों के टीओसी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं ।

विश्व की सबसे बड़ी मुक्त शिक्षा प्रणाली

इजराइल के मंत्री के बयान पर मचा बवाल

गाजा में हर रात '30 से 40' लोगों को मारने की वकालत

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में शामिल एक कट्टरपंथी सांसद ने सार्वजनिक रूप से 'गाजा में हर रात 30 से 40 लोगों को मारने' की वकालत की है। उनकी यह टिप्पणी रविवार को सामने आई और फलस्तीनी मीडिया में तेजी से प्रसारित हुई। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमर बेन-ग्विर ने गाजा में पूर्व में बंधक बनाए गए रोम ब्रास्लाव्स्की के पॉडकास्ट में यह बयान दिया। दोनों सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइल की स्थिति पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान बेन-ग्विर ने गाजा में इजराइल के हालिया हवाई हमलों में कमी की आलोचना की। बेन-ग्विर और अन्य इजराइली अधिकारियों के इस तरह के बयान पहले भी व्यापक आलोचना का विषय रहे हैं।

यह कहा ग्विर ने

ग्विर कहा, 'यह कोई रहस्य नहीं है कि मैं प्रधानमंत्री से असहमत हूं। मेरा मानना है कि गाजा में लोगों को निशाना बनाकर मारना चाहिए और हर रात 30 से 40 लोगों को निशाना बनाया जाना चाहिए। केवल उन लोगों को नहीं, जो तत्काल खतरा हैं, वहां कुछ ऐसे लोग भी हैं जो जीने के लायक नहीं हैं। उन्हें जीवित नहीं छोड़ना चाहिए।'

शब्द पहेली - 6320



बाएँसे दाए±

1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3, 2
36. चिंतन

ऊपर से नीचे

1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

शब्द पहेली -6319 का हल

म	न	मो	ह	न	■	र	बा	ना	हो	ना
न	■	म	क	र

रुपए पर बढ़ा दबाव, अगले दो साल में 99 प्रति डॉलर तक लुढ़कने की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रुपया अगले दो वित्त वर्षों में और कमजोर होकर 99 प्रति डॉलर तक गिर सकता है। ऊंची ऊर्जा कीमतों, वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और ब्याज दरों में कम अनुकूल अंतर से रुपए पर दबाव बढ़ने की आशंका है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट में ऊर्जा कीमतों और वैश्विक तनाव को बताया गया कारण

अमेरिका-ईरान संघर्ष से रुपया चार प्रतिशत कमजोर

हालांकि, फिच सॉल्यूशंस की कंपनी बीएमआई ने कहा कि विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए सरकार के हालिया कदम गिरावट की रफ्तार को सीमित करने में मदद कर सकते हैं। बीएमआई की रिपोर्ट कहती है कि रुपया वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक कमजोर होकर 97 प्रति डॉलर और वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक 99 रुपए प्रति डॉलर तक गिर सकता है। फिलहाल यह 95.4 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर है। शोध फर्म ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से रुपया करीब चार प्रतिशत कमजोर हुआ है। ऊंची ऊर्जा कीमतों और वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने रुपए पर दबाव बढ़ाया है।

40 अरब डॉलर का विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आया

सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया उपायों में विदेशी निवेशकों के लिए कर कटौती, भारतीय बॉन्ड बाजार में विदेशी निवेश की पहुंच बढ़ाना और रियायती विदेशी मुद्रा हेजिंग सुविधाएं शामिल हैं। इन उपायों से करीब 40 अरब डॉलर का विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आया है। भारत का बड़ा सेवा अधिशेष और विदेशों से होने वाला धनप्रेषण भी रुपये को समर्थन देगा। धनप्रेषण फिलहाल वस्तु व्यापार घाटे के करीब आधे के बराबर है और इससे चालू खाते के घाटे को सीमित रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही, बीएमआई ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के बढ़ने या लंबे खिंचने को रुपये के अनुमान के लिए प्रमुख नकारात्मक जोखिम बताया। इससे तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तेज होने की आशंका है। भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका की ओर से ऊंचे शुल्क लगाए जाने का जोखिम भी है, जिससे निर्यात और निवेशकों के भरोसे पर असर पड़ सकता है।



कच्चे तेल में बढ़ोतरी से बढ़ेगी डॉलर की मांग

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का करीब 90 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आयात बिल और डॉलर की मांग बढ़ेगी। बीएमआई ने कहा, 'अमेरिका-ईरान संघर्ष रुपए पर असर डालेगा। हालांकि, हाल के सरकारी उपाय विदेशी मुद्रा प्रवाह को समर्थन देंगे और गिरावट की सीमा को सीमित करने में मदद करेंगे। उम्मीद है कि संघर्ष का स्थायी समाधान हो जाएगा, जिससे वित्त वर्ष के बाद के हिस्से में कुछ दबाव कम होगा।'

'सुपर अल नीनो' कर सकता है रुपए के लिए जोखिम पैदा

संभावित जलवायु स्थिति 'सुपर अल नीनो' भी रुपए के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। इससे कृषि निर्यात घटने और खाद्य आयात की मांग बढ़ने की आशंका है। हालांकि, भारत के पास पर्याप्त खाद्यान्न भंडार होने से कुछ सुरक्षा मिलने की उम्मीद है। बीएमआई ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग और कॉल सेंटर जैसी सेवा गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका भी निवेशकों की चिंता बढ़ा सकती है। हालांकि, मजबूत सेवा अधिशेष निकट अवधि में भारत के बाहरी खाते को समर्थन देता रहेगा।

खबर संक्षेप

गोवा में बढ़ा पर्यटन, पहुंचे 61.38 लाख पर्यटक



पणजी। गोवा में इस साल जनवरी से जुलाई के बीच 61.38 लाख पर्यटक आए। इस दौरान केवल जुलाई महीने में ही पर्यटकों की संख्या सालाना आधार पर 2.27 प्रतिशत बढ़ी। मानसून के दौरान आमतौर पर गोवा में पर्यटकों की संख्या कम रहती है लेकिन इस साल के आंकड़े कुछ अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं।

मोलबायो डायग्नोस्टिक्स के शेयर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। मोलबायो डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड का शेयर अपने 807 रुपए के निर्गम मूल्य के मुकाबले 21 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 980 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 21.43 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 24.16 प्रतिशत चढ़कर 1,002.05 रुपए पर पहुंच गया।

गिग भर्ती में सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की होगी वृद्धि

ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स रहेंगे सबसे आगे

त्योहारी सीजन में गिग इकोनॉमी से पैदा होंगी 2.7 लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस त्योहारी सत्र में अस्थायी कर्मचारियों (गिग कर्मी) की मांग से 2.5-2.7 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है, जिसमें ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक, क्विक कॉमर्स, संगठित खुदरा और बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) क्षेत्र सबसे आगे रहेंगे।

ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले अस्थायी कर्मियों को 'गिग वर्कर्स' कहा जाता है। मानव संसाधन क्षेत्र की कंपनी एडेको इंडिया की जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया।

त्योहारी सत्र में नियुक्तियों की मिली मजबूती

इसके मुताबिक, 2026 के त्योहारी सत्र के लिए अस्थायी और गिग भर्ती में सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। एडेको इंडिया के निदेशक और सामान्य भर्ती प्रमुख दीपेश गुप्ता ने कहा, 'अधिक जटिल वैश्विक कारोबारी माहौल के बावजूद इस साल के त्योहारी सत्र में नियुक्तियों की मंशा मजबूत बनी हुई है। जहां घरेलू खपत खुदरा, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक और अन्य उपभोक्ता-केंद्रित क्षेत्रों में मांग का समर्थन कर रही है, वहीं नियोक्ता भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार की बदलती स्थिति और निर्यात-उन्मुख उद्योगों में निरंतर अनिश्चितता के बीच अधिक सावधानी से योजना बना रहे हैं।



वेतन में वृद्धि होने की उम्मीद

महानगरीय बाजारों में अस्थायी वेतन में 12-15 प्रतिशत और दूसरी तथा तीसरी श्रेणी के शहरों में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की भी उम्मीद है। नियोक्ता तेजी से ऐसे बहुभाषी उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं, जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मराठी बोल सकते हों, जो डिजिटल रूप से कुशल हों और ग्राहक-उन्मुख भूमिकाओं में सहज हों। भर्ती के इस मजबूत परिदृश्य के बावजूद, प्रतिभा की उपलब्धता एक चुनौती बनी हुई है, जहां लगभग 80 प्रतिशत नियोक्ता इस त्योहारी सत्र में अग्रिम पंक्ति की और परिचालन भूमिकाओं में कमी का सामना कर रहे हैं।

मेट्रो सिटी में प्रतिभा की कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल कार्यबल की मांग का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा लखनऊ, भुवनेश्वर, जयपुर और कोयंबटूर जैसे दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से होगा, जिसे ई-कॉमर्स की बढ़ती पहुंच, संगठित खुदरा वृद्धि और इन बाजारों में बढ़ती खपत का समर्थन प्राप्त है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित पहली श्रेणी के शहरों में 30 प्रतिशत तक प्रतिभा की कमी देखी जा रही है।

विकसित भारत के लिए बैंकिंग क्षेत्र का कायाकल्प



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- वित्त मंत्री जल्द गठित करेंगी हाई लेवल कमेटी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा और सुधार के लिए जल्द ही एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की घोषणा की है, जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करेगी।

बैंकिंग रिफॉर्म्स और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रणाली को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार जल्द ही 'बैंकिंग फॉर विकसित भारत' पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी। वित्त मंत्री ने 2026-27 के बजट में 'बैंकिंग फॉर विकसित भारत' पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करना और इसे भारत की वृद्धि के अगले चरण के अनुरूप बनाना है।

सरकार को सिफारिशें देगी समिति

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित दो दिवसीय 'पीएसबी कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, हमें उम्मीद है कि बैंकिंग क्षेत्र की समीक्षा के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन की घोषणा जल्द होगी। समिति की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति सरकार को अपने विचार और सिफारिशें देगी। सीतारमण ने एक फरवरी, 2026 को अपने बजट भाषण में कहा था, मैं 'बैंकिंग फॉर विकसित भारत' पर उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव करती हूं, ताकि क्षेत्र की व्यापक समीक्षा की जा सके और इसे भारत की वृद्धि के अगले चरण के अनुरूप बनाया जा सके। साथ ही वित्तीय स्थिरता, वित्तीय समावेश और उपभोक्ता संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

बेरोजगारी दर घटी, 5.1 प्रतिशत पर आई श्रमबल भागीदारी एवं रोजगार अनुपात बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर जुलाई महीने में घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई, जो जून में 5.5 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक, पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत से घटकर 4.5 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह जून के 6.6 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई। जुलाई 2025 की तुलना में कुल और ग्रामीण बेरोजगारी दर में बहुत बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, शहरी बेरोजगारी दर एक साल पहले के 7.2 प्रतिशत से घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई।

आंकड़ों के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में कुल बेरोजगारी दर जून के 5.3 प्रतिशत से घटकर जुलाई में पांच प्रतिशत रह गई। जुलाई, 2025 के मुकाबले इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी दर 4.9 प्रतिशत से घटकर 4.6 प्रतिशत रही, जबकि शहरी पुरुषों में यह जून के स्तर के आसपास रही।

शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया में तनाव जारी रहने के बीच बीएसई सेंसेक्स 281 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 78 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 281.09 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 77,728.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 555.5 अंक की गिरावट के साथ 77,453.75 अंक तक आ गया था।

वीआईटी चेन्नई का 14वां वार्षिक दीक्षांत समारोह संपन्न



वेल्लोर। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई का 14वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 4,518 स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव डॉ. टी. रामासामी मुख्य अतिथि रहे। बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के सीओओ (प्रकाशन) एवं बोर्ड सदस्य मोहित जैन विशिष्ट अतिथि और दक्षिण भारत में श्रीलंका के उप उच्चायुक्त डॉ. गणेशनथन गेथिस्वरन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. रामासामी ने युवाओं को परिवार, राष्ट्र और मानवता के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदार बताया। उन्होंने तमिलनाडु को शोध एवं विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बताते हुए वीआईटी के योगदान की सराहना की। डॉ. विश्वनाथन ने उच्च शिक्षा के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। मोहित जैन ने विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत, टीमवर्क और समाज की अनसुलझी समस्याओं के समाधान पर ध्यान देने का आह्वान किया।

डॉ. ए. विनय कुमार बने आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के वाइस चांसलर

हैदराबाद। डॉ. ए. विनय कुमार ने आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद के वाइस चांसलर का पदभार संभाल लिया है। वे उच्च शिक्षा, अकादमिक नेतृत्व, संस्थागत प्रशासन और रणनीतिक विकास के क्षेत्र में 27 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। इससे पहले वे आईआईएम लखनऊ में फाइनेंस के प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में दो दशक से अधिक समय तक सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. कुमार ने अकादमिक प्रशासन, संस्थागत विकास, शोध, मान्यता एवं रैंकिंग, पाठ्यक्रम सुधार, डॉक्टोरल शिक्षा और कार्यकारी शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों और 25 से ज्यादा विभागों वाले बहु-विषयक अकादमिक पोर्टफोलियो का नेतृत्व किया है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड, कैमब्रिज, एलएसई, मेलबर्न और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर जैसे वैश्विक संस्थानों के साथ भी कार्य किया है। उस्मानिया यूनिवर्सिटी से पीएचडी डॉ. कुमार की नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब एआई उच्च शिक्षा के स्वरूप में तेजी से बदलाव ला रहा है।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफडे का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

21 साल के आयुष ने किया डेब्यू में उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-1 यूकी को किया बाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पहले दिन सोमवार को पुरुष एकल में बड़ा उलटफेर करते हुए चीन के विश्व नंबर-एक शी यू की के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने महिला एकल में आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बना ली। 21 वर्षीय शेट्टी ने 21-14, 13-21, 21-19 से जीत दर्ज कर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यह उनके छोटे से करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। बैडमिंटन विश्वकप में आयुष पहली बार खेल रहे हैं।

शेट्टी के आक्रामक तेवर, बनाई बढ़त

शेट्टी ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और पहले गेम में 11-5 की बढ़त बना ली। इस दौरान चीन के खिलाड़ी ने भी कई गलतियां कीं। वह कभी शटल नेट में उलझा बैठे तो कभी शॉट कोर्ट से बाहर मार गए। शेट्टी ने इन गलतियों का पूरा फायदा उठाते हुए पहला गेम 21-14 से अपने नाम कर लिया। शी ने हालांकि अपने अनुभव का इस्तेमाल किया। उन्होंने लंबी रैलियों के जरिए शेट्टी को थकाने की रणनीति अपनाई। भारतीय खिलाड़ी के खेल में भी गलतियां बढ़ने लगीं और शी ने दूसरा गेम 21-13 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप : महिला एकल में सिंधू की आसान जीत, अगले दौर में पहुंची



सिंधू ने महज 29 मिनट में जीता मुकाबला

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में आयरलैंड की सोफिया नोबल को सीधे गेम में हराकर अपने ऐतिहासिक छठे पदक की दावेदारी का शानदार आगाज किया। नौवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने सोफिया की चुनौती से आसानी से पार पाते हुए 21-7, 21-11 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने महज 29 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। वह शुरुआत से ही मुकाबले में हावी रहीं और सोफिया को लगातार दबाव में रखा। शानदार ड्रॉप शॉट और दमदार स्मैश के जरिए उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और नेट के पास शानदार बैकहैंड ड्रॉप के साथ मैच समाप्त किया। सिंधू के नाम अब तक विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक हैं। उन्होंने 2019 में स्वर्ण पदक जीता था। मौजूदा प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचते ही उनका कम से कम कांस्य पदक पक्का हो जाएगा और वह विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में छह पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। सिंधू अगले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से भिड़ेंगी।



त्रीसा-गायत्री की आसान जीत

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने महिला युगल में स्पेन की पाउला लोपेज और लुसिया रोड्रिगेज पर 21-9, 21-13 से आसान जीत के साथ अभियान शुरू किया। भारतीय जोड़ी के सामने अगले दौर में अमेरिका की 16वीं वरीय लॉरेम लैम और एलिसन क्विन्ह की चुनौती होगी। हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने भी दूसरे दौर में जगह बना ली।

खबर संक्षेप



एलईटी रैंकिंग में एक स्थान नीचे खिसकी दीक्षा

नई दिल्ली। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इस सप्ताह वीपी बैंक स्विस लेडीज ओपन में कट से चूकने के बाद एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष 10 से बाहर हो गईं। एक समय शीर्ष छह में जगह बनाने वाली दीक्षा इस सप्ताह के शुरू में दसवें नंबर पर थी लेकिन अब वह 11वें स्थान पर खिसक गई हैं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स 46वें, अवनी प्रशांत 53वें, अदिति अशोक 55वें, हिताशी बख्शी 133वें, त्वेसा मलिक 117वें और वाणी कपूर 181वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की कैसेंड्रा अलेक्जेंडर 1,899.98 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं।

डब्ल्यूसीएल खेलेंगे वार्नर डिविलियर्स और युवराज

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर, युवराज सिंह, ड्वेन ब्रावो और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज खिलाड़ी 3 अक्टूबर से शुरू होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के तीसरे सत्र में खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 3 से 18 अक्टूबर तक खेला जाएगा, हालांकि अभी तक आयोजन स्थल की घोषणा नहीं की गई है। आयोजकों ने कहा, 'डब्ल्यूसीएल के तीसरे सत्र में कुछ बड़े खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है। इन खिलाड़ियों में युवराज सिंह, एबी डिविलियर्स, ड्वेन ब्रावो, शाहिद अफरीदी, मोईन अली, डेविड वार्नर और महमदुल्लाह रियाद भी शामिल हैं।'



आयरलैंड के खिलाफ चार्ली को इंग्लैंड टीम की कमान

लंदन। सितंबर में आयरलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए चार्ली डीन को इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कमान सौंपी गई है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध हालिया सीरीज में टीम की कमान संभालने के बाद, ऑलराउंडर को एक बार फिर यह जिम्मा संभालने का मौका मिला है। दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 1 सितंबर को लीसेस्टर में खेला जाएगा, जिसके बाद सीरीज का दूसरा मैच 3 सितंबर को डर्बी में होगा।

पहला टेस्ट : सुथार ने 76 रन देकर 4 और जडेजा ने 57 रन देकर झटके 3 विकेट

श्रीलंका 284 रन पर ढेर, भारत के पास मजबूत बढ़त, सुथार और जडेजा ने चटकाए सात विकेट

एजेंसी ▶▶| गॉल

सोनल दिनुशा की शानदार शतकीय पारी ने भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा संघर्ष करने पर मजबूर किया लेकिन मानव सुथार की अगुवाई में गेंदबाजी इकाई ने श्रीलंका को पहली पारी में 284 रन पर समेटकर दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को भारत को 178 रन की मजबूत बढ़त दिला दी। वामहस्त स्पिनर सुथार ने 76 रन देकर 4 और अनुभवी रविंद्र जडेजा ने 57 रन देकर 3 विकेट झटके।

सुथार ने किया श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशान

भारत की धारदार गेंदबाजी के सामने श्रीलंका एक समय लंच से पहले 90 रन पर पांच विकेट गंवा कर बेहद मुश्किल में था। सुथार ने शुरुआती सत्र में श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशान किया और उस समय मेजबान टीम के जल्दी सिमटने के आसार नजर आ रहे थे लेकिन अपना चौथा टेस्ट खेल रहे दिनुशा ने इस प्रारुप में पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ते हुए 168 गेंदों पर 100 रन की जुझारू पारी खेली। उन्हें टीम में लंबे समय के बाद वापसी कर रहे अनुभवी निरोशन डिकवेला (80 रन, 115 गेंद) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 216 गेंदों में 146 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की और भारतीय गेंदबाजों को लंबे समय तक सफलता से दूर रखा। इस जोड़ी ने दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाए 116 रन जोड़े।



डिकवेला और दिनुशा ने दिखाया संयम

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के विपरीत डिकवेला और दिनुशा ने जल्दबाजी नहीं की और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर शॉट चयन में खासा संयम दिखाया। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ दोनों ने स्वीप शॉट का प्रभावी इस्तेमाल किया और स्टंप की लाइन में आने वाली गेंदों को सहजता से बाउंड्री के पार भेजा। स्थानीय क्रिकेट हलकों में अपने चयन को लेकर विवादों में रहे डिकवेला ने 67 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। सुथार की गेंद पर 20 रन के निजी स्कोर पर केएल राहुल द्वारा स्लिप में जीवनदान पाने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अंतिम सत्र में एकाग्रता गंवा दी। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर उनके बल्ले का किनारा लगा और ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे कैच लपक लिया।

जडेजा ने किए अपने 350 विकेट पूरे

जडेजा ने इसके तुरंत बाद केशरा नुवंता को गिल के हाथों कैच कराकर टेस्ट में अपने 350 विकेट पूरे किए। वह टेस्ट क्रिकेट में 4000 से अधिक रन और 350 विकेट लेने वाले चौथे और महान कपिल देव के बाद भारत के सिर्फ दूसरे हरफनमौला है। दिनुशा ने इसके कुछ देर बाद 167 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। इससे पहले भारत में सुबह नौ विकेट पर 460 रन से अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई, लेकिन केवल चार गेंद के अंदर उसने कृष्णा के रूप में अपना आखिरी विकेट गंवा दिया। भारत ने इस बीच अपने स्कोर में दो रन जोड़े।

भारतीय स्पिनरों ने उठाया फायदा

श्रीलंका को ठोस शुरुआत की जरूरत थी लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर ही उसे पहला झटका दे दिया। अभ्यास मैच में श्रीलंका एकादश की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले निशान फर्नांडो (00) सिराज की स्विंग लेकर बाहर की ओर जाती गेंद को नहीं समझ पाए और उन्होंने पहली स्लिप में खड़े देवदत्त पडिक्कल को कैच दे दिया। इससे श्रीलंका की टीम दबाव में आ गई, जिसका भारतीय स्पिनरों ने पूरा फायदा उठाया।

सिनसिनाटी ओपन

कोको गॉफ ने दर्ज की सीजन की 10वीं जीत



एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी कोको गॉफ ने सिनसिनाटी ओपन के तीसरे राउंड में अपनी जगह बना ली है। उन्होंने एक सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए ल्यूडमिला सैमसनोवा को 2-6, 6-4, 6-1 से हराया। यह इस सीजन में उनकी 10वीं ऐसी जीत थी, जिसमें उन्होंने एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए तीन सेटों में जीत हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने 2026 में टूर पर ऐसी सबसे ज्यादा जीत के मामले में अपनी ही देश की खिलाड़ी जेसिका पेगुला की बराबरी कर ली। सैमसनोवा के पहला सेट 6-2 से जीतने के बाद गॉफ ने दूसरे सेट के 10वें गेम में एक अहम ब्रेक हासिल किया और मैच को निर्णायक सेट तक ले गईं।

कोको ने तीसरे सेट में दबदबा बनाए रखा और आखिरी पांच गेम जीतकर 2 घंटे 6 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। यह जीत 2026 में हार्ड कोर्ट पर गॉफ की 20वीं जीत है। अगले राउंड में गॉफ का मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी एन ली से होगा।



1 घंटे 52 मिनट में जीती सबालेंका

दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मौसम की वजह से हुई थकान से जूझते हुए 1 घंटे 52 मिनट में 6-2, 7-6 (2) से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में जगह बनाई। यह टूर लेवल पर उनकी लगातार 24वीं ओपनिंग मैच जीत रही। सबालेंका का अगला मुकाबला डब्ल्यूटीए स्तर पर दूसरी बार वांग जिन्यू से होगा। हेड-टु-हेड में वह 1-0 से आगे हैं। सबालेंका और वांग जिन्यू की एकमात्र भिड़ंत ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 में हुई थी, जहां सबालेंका ने एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए तीन सेटों में जीत हासिल की थी।

मैनचेस्टर सुपर ने पहली बार जीता 'द हंड्रेड' का खिताब



नई दिल्ली। मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 'द हंड्रेड' का खिताब पहली बार अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में मैनचेस्टर ने ट्रेंट रॉकेट्स को 5 विकेट से हराया। ट्रेंट रॉकेट्स से मिले 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की शुरुआत दमदार रही। पहले विकेट के लिए टिम सीफर्ट और पॉल वाल्टर ने मिलकर 66 रन जोड़े। वाल्टर 14 गेंदों का सामना करने के बाद 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान जोस बटलर ने 14 गेंदों में 3 छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने 11 रनों का योगदान दिया, जबकि माइकल ब्रेसवेल बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। हालांकि, सीफर्ट एक छोर को संभालकर खड़े रहे और उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 38 गेंदों पर 72 रनों की दमदार पारी खेली।

30 साल बाद भी अंग्रेजों से पार नहीं पा सकी भारतीय हॉकी टीम

एफआईएच विश्व कप: इंग्लैंड से 2-4 से हार भारत



एम्सटेलवीन। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम के खिलाफ डिफेंस में कोताही बरतने का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा और एफआईएच विश्व कप में पूल डी के सबसे कठिन मुकाबले में उसे इंग्लैंड ने 4 - 2 से हरा दिया जिससे अब भारत को आखिरी मैच में 19 अगस्त को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराना होगा या ड्रॉ खेलना होगा।पूल से शीर्ष दो टीमें दूसरे दौर में जाएगी। दूसरे क्वार्टर में दो गोल करने वाली भारतीय टीम ने आखिरी 30 मिनट में इंग्लैंड को डिफेंस में सेंध लगाने का मौका दे दिया। इंग्लैंड के लिए निकोलस बेंडारुक ने (14वें और 55वें मिनट) दो गोल किए जबकि स्टुअर्ट रशमेयेर ने 39वें और हेनरी क्रोफ्ट ने 43वें मिनट में गोल दागा। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (17वां) और दिलप्रीत सिंह (25वां) ने गोल किए। भारतीय हॉकी टीम 30 साल बाद भी इंग्लैंड को हरा नहीं सकी।

प्रज्ञानानंदा का मास्टरस्ट्रोक अरोनियन को ड्रॉ पर रोका

सेंट लुइस। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने 'ग्रैंड चेस (शतरंज) टूर' के तहत खेले जा रहे सिंकफील्ड कप के छठे दौर में अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली। इस परिणाम के साथ प्रज्ञानानंद 3.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर बाकी हैं। अमेरिका के वेस्ली सो चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। 4,75,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में पांच मुकाबलों में से केवल एक का नतीजा निकला। सो ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ अंक बांटे।

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :- 09-सितम्बर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

(A) स.क्र.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री प्रकाश अनोश**, प्रीति किराना स्टोर के पीछे, ग्रीन पार्क कॉलोनी, जरहाभाठा, बिलासपुर–छ.ग.–495001. **श्रीमती प्रकाश रशिम अनोश**, प्रीति किराना स्टोर के पीछे, ग्रीन पार्क कॉलोनी, जरहाभाठा, बिलासपुर–छ.ग.–495001. **श्रीमती प्रकाश आशा**, प्रीति किराना स्टोर के पीछे, ग्रीन पार्क कॉलोनी, जरहाभाटा, बिलासपुर–छ.ग.–495001. **श्री प्रकाश अनोश**, काली ढाबा के पीछे, हिर्री माइंस, छतौना, बिलासपुर–छ.ग.– 495224. **श्रीमती प्रकाश रशिम** अनोश काली ढाबा हिर्री माइंस के पीछे, छतौना, बिलासपुर–छ.ग.– 495224. **श्रीमती प्रकाश आशा** काली ढाबा हिर्री माइंस के पीछे, छतौना, बिलासपुर–छ.ग.– 495224. **श्री प्रकाश अनोश**, प्रकाश इंटरप्राइजेज, न्यू हाई कोर्ट के पास, काली ढाबा के पीछे, रायपुर रोड–बिलासपुर–छग– 495001.	**₹ 3,15,03,835/- 31 अगस्त 2022* की स्थिति में**	प्लॉट 101, मकान शीट संख्या 5/4, खसरा 118/1, प.ह.नं. 22, मौजा तालापारा कॉलोनी, ग्रीन पार्क, वार्ड नंबर 9, बिलासपुर, प्लॉट एरिया (बिक्री विलेख के अनुसार):– 11,725 वर्ग फुट (1089.68 वर्ग मीटर), बी–1 के अनुसार:– 9146 वर्ग फुट (850 वर्ग मीटर), निर्माण:– (निर्मित क्षेत्र) भूतल (पिछला भाग)– 1573 वर्ग फुट (146.59 वर्ग मीटर), प्रथम तल (पिछला भाग)– 1573 वर्ग फुट (146.59 वर्ग मीटर), वास्तविक प्लॉट एरिया (साइट के अनुसार)– 6572 वर्ग फुट, भूतल (व्यावसायिक भाग):– 1975 वर्ग फुट (183.55 वर्गमीटर), **लेटिट्यूड–22.075289, लांगिट्यूड–82.139343.**	**भौतिक**	**₹2,50,00,000/-**	**₹25,00,000/-** **₹ 15,000/-**
2.	**श्री खरे त्रिलोक**, मकान नं. एफ–1, साई मंदिर के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. **श्री खरे त्रिलोक**, डी–403, श्रीजी हाइट्स, बिचौली, मर्दाना, इंदौर–452016. **श्रीमती मृणाल खरे** मकान नं. एफ–1 साई मंदिर के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. **श्रीमती मृणाल खरे** डी–403, श्रीजी हाइट्स, बिचौली, मर्दाना, इंदौर–452016.	**₹ 17,12,985/- 31 मई 2020 की स्थिति में**	फ्लैट नंबर सी–2(203), साई विहार, खसरा नं. 673/6, 683/1, प.ह.नं. 109, ग्राम दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर, कुल सुपर बिल्टअप एरिया =823.65 वर्गफीट, कारपेट एरिया -650 वर्गफीट, **लेटिट्यूड–21.276429, लांगिट्यूड–81.673825.**	**भौतिक**	**₹16,20,000/-**	**₹1,62,000/-** **₹ 5,000/-**
3.	**श्री मोहरिर प्रवीण** 1 7 2064 बैंक कॉलोनी, चा भाग देना बेकचे पथी, गीता नगर, शरद नगर, नांदेड़–वाघाला, 441221-महाराष्ट्र। **श्रीमती देशपांडे मोहिनी दत्तात्रेय** 1 7 2064 बैंक कॉलोनी, चा भाग देना बेकचे पथी, गीता नगर, शरद नगर, नांदेड़–वाघाला, 441221-महाराष्ट्र।	**₹ 30,42,215/- 30 सितंबर 2022 की स्थिति में**	फ्लैट–2–सी, दूसरी मंज़िल, अवनी एन्क्लेव, स.क्र., खसरा 88/1,2,4, 88/5(92), 93/24, 111, 112/3, 113/11, प.ह.नं.–18/25, ग्राम– कसरीडीह, दुर्ग, फ्लैट का बिल्टअप एरिया– 71.21 वर्गमीटर, **लेटिट्यूड–21.179287, लांगिट्यूड–81.273806.**	**भौतिक**	**₹21,00,000/-**	**₹2,10,000/-** **₹ 5,000/-**

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 24-अगस्त-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :–07-सितम्बर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
(1) सीरियल नंबर 1 वाली संपत्ति के संबंध में यह बताया जाता है कि सिक्युरिटाइज़ेशन एप्लीकेशन (SA) SA/98/2023 अभी माननीय डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल (DRT) जबलपुर के समक्ष विचाराधीन है, और उक्त संपत्ति की प्रस्तावित ई–नीलामी और बिक्री, माननीय DRT द्वारा उक्त कार्यवाही में पारित किए जाने वाले अंतिम आदेशों और निर्देशों के अधीन और उन पर निर्भर होगी।
(2) HDFC के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और समझ के अनुसार, सीरियल आइटम नंबर 2 और 3 में बताई गई अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों पर कोई भार (Encumbrance) नहीं है।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 18 अगस्त, 2026
स्थान: रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
आस्ति वसूली शाखा- दूसरी मंजिल, अंचल कार्यालय, सेक्टर-24, नया रायपुर (छ.ग.)

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, उधारकर्ता एवं सामान्य जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथि को निम्न वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **बैंक ऑफ इंडिया** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

क्र.	उधारकर्ता का नाम	1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण
1.	**उधारकर्ता: मेसर्स गंगा फ्लाई ऐश ब्रिक्स, प्रोप.: श्री प्रेम प्रकाश टंडन एवं जमानतदार: श्री गंगा राम टंडन**	**(1) 04.08.2025 (2) 12.08.2026**	**रू 45,26,201.79** + ब्याज एवं अन्य खर्चे 28.01.2025 से प्रभावी	**1. तैयार माल एवं कच्चे माल के स्टॉक का दृष्टिबंधक। 2. बैंक वित्तपोषण से खरीदी गई प्लांट एवं मशीनरी का दृष्टिबंधक। संपत्ति क्रमांक 1)** खसरा नंबर 58/7, गांव- तुरिडीह, पी.सी नंबर 14, आरआईसी-पटेवा (पुराना), झलप (नया), तहसील एवं जिला- महासमुंद में क्षेत्रफल-0.20 हेक्टेयर पर स्थित सामयिक बंधक लीजहोल्ड खुला प्लॉट, मालिकाना हक- मेसर्स श्री गंगा फ्लाई ऐश ब्रिक्स (पट्टेदार), प्रोप्राइटर- श्री प्रेम प्रकाश टंडन ,पड़ादाता- श्री गंगा राम टंडन। सीमाए :- उत्तर- बुद्धकुंवर का खुला प्लॉट, दक्षिण - मोहन मेहर का खुला प्लॉट, पूर्व - गंगाराम का खुला प्लॉट, पश्चिम- सड़क. **संपत्ति क्रमांक 2)** खसरा नंबर 58/3, गांव- तुरिडीह, पी.सी नंबर 14, आरआईसी-पटेवा (पुराना), झलप (नया), तहसील एवं जिला- महासमुंद में क्षेत्रफल- 0.09 हेक्टेयर पर स्थित सामयिक बंधक फ्रीहोल्ड औद्योगिक भूमि एवं स्ट्रक्चर, मालिकाना हक- श्री गंगा राम टंडन। सीमाएं :उत्तर- बुद्धकुंवर का खुला प्लॉट, दक्षिण - मोहन मेहर का खुला प्लॉट, पूर्व - मोहन मेहर का खुला प्लॉट, पश्चिम- गंगाराम का खुला प्लॉट (58/3).

दिनांक: 18.08.2026, स्थान- रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

एएफसी महिला चैंपियंस लीग

ईस्ट बंगाल ने राजशाही स्टार्स को 4-0 से हराया

कोटा किनाबालू। घाना की मिडफील्डर ओलिविया अनोके के दो गोल के दम पर ईस्ट बंगाल ने एएफसी महिला चैंपियंस लीग के शुरुआती चरण में सोमवार को शानदार आगाज करते हुए बांग्लादेश के राजशाही स्टार्स एफसी को 4-0 से करारी शिकस्त दी। अनोके ने नौवें और 38वें मिनट में गोल किए जबकि भारत की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अस्तम ओरांव ने 26वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त मजबूत की, जबकि सौम्या गुगुलोथ ने 71वें मिनट में चौथा गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। ईस्ट बंगाल का अगला मुकाबला गुरुवार को गुआम की रोवर्स एफसी से होगा।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
यदि आप कब्ज, गैस और एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए 'पेट सफा' आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स/टेबलेट्स। पेट सफा पहली रात से असर दिखाता है, और इसकी आदत भी नहीं पड़ती।
रात को एक चम्मच खाओ सुबह फ्रैश हो जाओ...
कब्ज़ गैस एसिडिटी
पेट सफा..... तो हर रोग दफा
Divisa
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com

अफ्रीकी महिलाएं बनाती हैं अनोखी चोटी, स्टाइल से नहीं है कोई रिश्ता

अफ्रीकी मूल की महिलाओं के बालों की चोटियां दुनिया भर में अपनी अनोखी स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। बेहद टाइट, जटिल और कलात्मक तरीके से गूंथी गई ये चोटियां अक्सर फैशन और संस्कृति का प्रतीक मानी जाती हैं। लेकिन इनके पीछे एक गहरा और दर्द भरा इतिहास छिपा है जो सिर्फ सुंदरता से जुड़ा नहीं है।

जिंदगी और मौत का है सवाल, बाल के बीच अनाज के दाने छिपाकर रखती थी महिलाएं

काहिरा। ये चोटियां कभी जिंदगी और मौत के सवाल से जुड़ी थीं। गुलामी के काल में अफ्रीकी और अफ्रीकी-वंशीय महिलाओं ने इनके जरिए अपने और अपने समुदाय के जीवित रहने का रास्ता निकाला था। इतिहासकारों और सांस्कृतिक अध्ययनों के अनुसार सूरीनाम और अमेरिका के अन्य हिस्सों में गुलामी के दौरान अफ्रीकी महिलाओं ने अपने बालों की चोटियों में बीज या अनाज के दाने छिपाए रखने की प्रथा अपनाई थी। जब उन्हें जबरन विस्थापित किया जाता या वे भागने की कोशिश करतीं तो ये बीज उनके साथ रहते।



सामने आया सीक्रेट

अफ्रीका से लाए गए लोग अपने साथ कृषि ज्ञान भी लेकर आए थे। मक्का, चावल, ओकरा जैसी फसलों के बीज उनके जीवन का आधार थे। गुलाम बनाए जाने के बाद जब उन्हें जमीन से काट दिया गया तो भोजन की कमी एक बड़ी समस्या बन गई। महिलाओं ने बालों को जटिल पैटर्न में गूंथकर उनमें छोटे-छोटे बीज छिपाने का तरीका निकाला। टाइट चोटियां बीजों को सुरक्षित रखतीं और पकड़े जाने पर आसानी से नजर नहीं आतीं थी। यह एक मौन विद्रोह था, जो शारीरिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सांस्कृतिक और आर्थिक अस्तित्व से जुड़ा था। ये चोटियां पीढ़ियों तक चली आईं।

बन गया स्टाइल स्टेटमेंट

कॉर्नरो, बॉक्स ब्रेड्स, गाना ब्रेड्स जैसी शैलियां सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि विरासत का हिस्सा हैं। इनमें से कई पैटर्न पुराने समय की याद दिलाते हैं, जब बालों के जरिए संदेश भी दिए जाते थे। कुछ अध्ययनों में कहा गया है कि चोटियों के पैटर्न से रास्ते का नक्शा या सुरक्षित स्थान की जानकारी भी छिपाई जाती थी। हालांकि, बीज छिपाने वाली प्रथा सबसे व्यावहारिक और जीवन रक्षक साबित हुई। सोशल मीडिया पर जब यह ऐतिहासिक तथ्य शेयर किया जाता है तो लोग हैरान रह जाते हैं। कई यूजर्स लिखते हैं कि वे इन्हें सिर्फ स्टाइल मानते थे लेकिन अब सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। अफ्रीकी महिलाओं की मेहनत, सूझबूझ और साहस की तारीफ होने लगती है। कुछ पोस्ट्स में पुरानी तस्वीरें या चित्रण भी लगाए जाते हैं, जो उस दौर की याद दिलाते हैं। यह चर्चा सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने का काम करती है। गुलामी का इतिहास दर्दनाक है लेकिन उसमें प्रतिरोध की कहानियां भी भरी पड़ी हैं।

खुद मां-बाप बार-बार करवाते हैं बच्चे की प्लास्टिक सर्जरी

दुनिया का वो देश, जहां बदसूरत होना है पाप!

दुनिया भर में लोग सुंदर दिखने की चाह रखते हैं। क्रीम, घरेलू नुस्खे, जिम और डाइट के जरिए कई लोग अपनी लुक सुधारने की कोशिश करते हैं। लेकिन, साउथ कोरिया एक ऐसा देश है जहां खूबसूरती का मानक इतना सख्त है कि प्लास्टिक सर्जरी सामान्य बात हो गई है। यहां बदसूरत दिखना लगभग सामाजिक पाप माना जाता है।

सियोल। मां-बाप खुद अपने बच्चों को सर्जरी के लिए ले जाते हैं और कई बार बार-बार करवाते हैं।आंकड़ों के मुताबिक साउथ कोरिया दुनिया में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक सर्जरी की सबसे ऊंची दर वाले देशों में शुमार है। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार यहां हर एक हजार लोगों पर करीब 8.9 से 13.5 सर्जरी होती हैं।युवा महिलाओं में यह आंकड़ा और ज्यादा है। 19 से 29 साल की करीब 25 प्रतिशत महिलाओं ने कम से कम एक कॉस्मेटिक प्रोसीजर करवाया है।

बढ़ रहा है प्रेशर

सोशल मीडिया और के-पॉप इंडस्ट्री ने इस दबाव को और बढ़ाया है। आइडल और एक्ट्रेस का परफेक्ट चेहरा युवाओं के लिए आदर्श बन गया है। यह दबाव सिर्फ महिलाओं तक सीमित नहीं है। पुरुष भी सर्जरी करवा रहे हैं। पुरुष मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चेहरे की फाइन-ट्यूनिंग, बालों के ट्रांसप्लांट और अन्य प्रोसीजर पुरुषों में भी लोकप्रिय हो रहे हैं।

साउथ कोरिया की ब्यूटी कल्चर को 'लुकिज्म' कहा जाता है यानी दिखावे को सर्वोपरि मानना। यहां त्वचा गोरी, चेहरा छोटा और वी-शेप, आंखें बड़ी और शरीर पतला होना आदर्श है। के-ब्यूटी प्रोडक्ट्स दुनिया भर में फेमस हैं, लेकिन घरेलू स्तर पर सर्जरी का चलन और गहरा है। कई युवा बताते हैं कि स्कूल और कॉलेज में लुक को लेकर टिप्पणियां आम हैं। कुछ लड़कियां कहती हैं कि मां-दादी ने उन्हें सर्जरी के लिए प्रेरित किया। एक तरफ यह व्यक्तिगत पसंद है तो दूसरी तरफ सामाजिक दबाव साफ दिखता है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि बार-बार सर्जरी से जटिलताएं हो सकती हैं। नाक की सर्जरी में रिवीजन केस ज्यादा हैं, क्योंकि इम्प्लांट या स्कार टिश्यू समस्या पैदा कर सकते हैं। मेडिकल टूरिज्म भी यहां फल-फूल रहा है। जापान, चीन, थाईलैंड और अमेरिका से लोग सर्जरी कराने आते हैं। सरकार इसे बढ़ावा देती है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को फायदा होता है। लेकिन, अवैध ब्रोकर और घटिया क्लीनिक के मामले भी सामने आए हैं जिससे विदेशी मरीजों को जोखिम रहता है।



बेहद आम है प्लास्टिक सर्जरी

सियोल के गंगनाम इलाके को तो प्लास्टिक सर्जरी का हब कहा जाता है, जहां सैकड़ों क्लीनिक हैं। सबसे आम सर्जरी डबल आईलिड यानी आंखों में फोल्ड बनाना है। कोरियाई लोगों की आंखें आमतौर पर सिंगल लिड वाली होती हैं। डबल आईलिड से आंखें बड़ी और चमकदार दिखती हैं। नाक की सर्जरी, वी-लाइन जबड़े की शेपिंग, लिपोसक्शन और बोटॉक्स भी बहुत प्रचलित हैं। कई युवा हाई स्कूल या कॉलेज के बाद इसे गिफ्ट के रूप में लेते हैं।मां-बाप की भूमिका यहां खास है। कई परिवार बच्चों की पढ़ाई पूरी होने पर सर्जरी करवा देते हैं।कुछ माता-पिता मानते हैं कि बेहतर लुक से जॉब और शादी के मौके बेहतर होंगे। जॉब एप्लिकेशन में फोटो लगाना आम है और लुक को लेकर भेदभाव की शिकायतें भी आती रहती हैं।

इंसानियत अभी जिंदा है!

2 साल पहले खोया 24 हजार से भरा बैग, ईमानदार कंडक्टर ने ऐसे लौटाया

मुंबई। पब्लिक बस में सफर के दौरान अगर कोई जरूरी सामान या पैसे छूट जाएं, तो ज्यादातर लोगों को यही लगता है कि अब वह सामान शायद कभी वापस नहीं मिलेगा, लेकिन महाराष्ट्र में एक बस कंडक्टर की ईमानदारी ने इस सोच को गलत साबित कर दिया। उन्होंने न सिर्फ दो साल तक एक बुजुर्ग महिला का खोया हुआ सामान संभालकर रखा, बल्कि लगातार उसकी असली मालिक की तलाश भी करते रहे। आखिरकार किस्मत ने दोनों को फिर उसी बस रूट पर मिला दिया और महिला को उसका खोया हुआ बैग वापस मिल गया। यह मामला कसाबाई गायकवाड़ का है, जो साल 2024 में छत्रपति संभाजीनगर से वाशिम के बीच बस से सफर कर रही थीं। सफर के दौरान उनका एक बैग बस में ही छूट गया। इस बैग में करीब 24 हजार रुपए थे। इसके अलावा उसमें उनके कुछ जरूरी मेडिकल दस्तावेज भी रखे हुए थे। बस से उतरने के बाद जब उन्हें अपने बैग के बारे में पता चला, तब तक काफी देर हो चुकी थी। गायकवाड़ ने मान लिया कि उनका पैसा और जरूरी कागजात अब शायद कभी वापस नहीं मिलेंगे।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

जब घुटना, कंधा या कमर दर्द सताए
तो आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट ही अपनाएं
'डा. ऑर्थो' आज ही ले आएं
घुटना दर्द कंधा दर्द कमर दर्द कलाई दर्द
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
Dr. Ortho
20% EXTRA
अब दर्द भी घुटने टेकेगा... 8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
डा. ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com

जब धरती पर इंसान का नामो-निशान नहीं था, तब भी मौजूद थे ये रंग-बिरंगे मेंढक!

नई दिल्ली। उत्तर भारत के हरे-भरे जंगल न केवल देखने में बेहद खूबसूरत हैं, बल्कि अपने आप में दुनियाभर की विविधता समेटे हुए हैं। अब वैज्ञानिकों ने इन जंगलों में मेंढकों (कैस्केड फ्रॉग) की तीन नई प्रजातियों की खोज की है। ये खास मेंढक वहां पर तेज़ बहाव वाली नदियों और झरनों में पाए जाते हैं। इसके साथ ही भारत में पहली बार इस मेंढक की पांच अन्य प्रजातियों को भी दर्ज किया गया है।

मेंढ़कों की 3 नई प्रजातियों की हुई खोज : यह स्टडी दिल्ली यूनिवर्सिटी के पर्यावरण अध्ययन विभाग के प्रो. एस. डी. बीजू की अगुवाई में वैज्ञानिकों की टीम ने की। इसके लिए टीम ने उत्तर-पूर्वी राज्यों में 15 सालों से भी ज़्यादा समय तक रिसर्च की, जिसके बाद यह खोज सामने आई. अब यह स्टडी 'बुलेटिन ऑफ द म्यूजियम ऑफ कंपैरेटिव ज़ूलॉजी' में प्रकाशित की गई है। रिसर्च के दौरान वैज्ञानिकों ने नदी और झरनों के तेज बहाव में रहने वाले मेंढकों की 300 से ज़्यादा आबादी का अध्ययन किया। इसके बाद उनकी डीएनए जांच और शारीरिक बनावट की तुलना की गई, जिसके बाद तीन नई प्रजातियों के होने की पुष्टि हुई।



केरल की समाजसेविका पर हुआ नामकरण : प्रो. एस. डी. बीजू ने जिन 3 प्रजातियों की खोज की, उनमें अम्माची कैस्केड फ्रॉग त्रिपुरा की जम्पुई पहाड़ियों में मिली। बीजू की टीम ने इस प्रजाति का नामकरण केरल की समाज सेविका रहीं पद्मिनी वर्गीस के नाम पर किया। उन्होंने केरल में कई लोग 'अम्माची' (मां) कहकर पुकारते थे। इसी तरह दूसरी प्रजाति नागालैंड में खोजी गई, जिसका नाम सेंडेन्यु कैस्केड फ्रॉग रखा गया। यह नाम वहां के स्थानीय 'सेंडेन्यु गांव' के नाम पर रखा गया। वहीं, मेंढकों की तीसरी प्रजाति पश्चिम बंगाल में पाई गई। इन मेंढ़कों के शरीर का रंग हरा मिला और उन पर पीले-हरे या लाल-भूरे रंग का प्राकृतिक डिजाइन बना था। जिसके चलते उसे ब्यूटीफुल कैस्केड फ्रॉग नाम दिया गया।

MARUTI SUZUKI ARENA
TIME TO UPGRADE
TO THE SUV THAT'S GOT IT ALL
GET BENEFITS UP TO ₹1 05 000**
On Exchange of Your Old Car.
VICTORIS
LEVEL 2 ADAS WITH 10+ FEATURES
DOLBY ATMOS SPATIAL SOUND EXPERIENCE
SMART POWERED TAILGATE WITH GESTURE CONTROL
64-COLOUR AMBIENT LIGHTING
AVAILABLE IN STRONG HYBRID
SCAN AND CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800
*Applicable T&C available at nearest dealership. Offer includes exchange benefit of up to ₹75 000 and loyalty bonus of up to ₹30 000 is valid for limited period and applicable only on Victoris Strong Hybrid variants. Benefits mentioned shall be based on customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. Features may vary by model/conditions. Trademarks/logos being displayed belong to the respective owners. Infiniti is the trademark of HARMAN International Industries, Incorporated. Dolby, Dolby Audio, Dolby Atmos, and the double-D symbol are registered trademarks of Dolby Laboratories.
VICTORIS

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com